इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -263 राजनांदगांव, शनिवार 10 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

राज्यसभा-लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, स्पीकर ने सभी दलों के नेताओं के साथ की बैठक

नयी दिल्ली। राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को निर्धारित कार्य दिवसों से एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की। श्री बिरला ने कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा कि बजट सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत रही। बजट 2024-25 पर 27 घंटे 19 मिनट चर्चा की गयी और उस पर मतदान किया गया। बजट सत्र के दौरान 96 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिये गये।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने विनेश फोगाट मामले में खेल मंत्री के बयान की आलोचना करते हुए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि स्पीकर ने इसकी मंजूरी नहीं दी। वहीं राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और सपा सांसद जया बच्चन के बीच तीखी बहस हो गई। वहीं संसद के मानसून सत्र के समापन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

मनरेगा में संशोधन के लिए निजी सदस्यों का विधेयक लोकसभा में पेश

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 में संशोधन के लिए एक निजी सदस्य का विधेयक शुक्रवार को लोकसभा में पेश किया गया। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के एन. के. प्रेमचंद्रन की तरफ से पेश किए गए इस विधेयक में अधिनियम की धारा 3 और अनुसूची ढ्ढ्ढ में संशोधन करने का प्रावधान है। कांग्रेस के हिबी ईडन ने भी मनरेगा, 2005 में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया।

प्रस्तावित संशोधन अन्य पहलुओं के अलावा अधिनियम में एक नई धारा 5ए को शामिल करने से संबंधित है। वहीं कांग्रेस के मनीष तिवारी ने देश के भीतर और बाहर भारतीय खुफिया एजेंसियों के कामकाज के तरीके और शक्तियों के प्रयोग को विनियमित करने और ऐसी एजेंसियों के समन्वय, नियंत्रण और निगरानी के लिए प्रावधान करने के लिए एक विधेयक पेश किया। इसके अलावा, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजकुमार चाहर और जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, कांग्रेस के वी. के. श्रीकंदन और डीएमके के डीएम कथिर आनंद समेत

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

संसद में जो कुछ हो रहा है, वह स्वतंत्र भारत में कभी नहीं हुआ- प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संसद में जो कुछ हो रहा है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया की तीखी टिप्पणियों और उन्हें सुनने में जवाहरलाल नेहरू के धैर्य को आज भी उदाहरण के तौर पर देखा जाता है। प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और इंडिया गठबंधन के दलों के बीच मतभेद के बाद आई है, जिसमें कांग्रेस ने सभापति पर पूरे विपक्ष के खिलाफ पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे लोकतंत्र की सशक्त आवाज हैं। संसदीय राजनीति में उन्हें 50 साल का अनुभव है। संसद के अंदर उनका अपमान करना, उन्हें बोलने नहीं देना, माइक्रोफोन बंद कर देना और सत्ता में बैठे लोगों का वरिष्ठ महिला सदस्यों का अपमान करना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

सुप्रीम कोर्ट ने दी सिसोदिया को जमानत, कहा-जमानत नियम और जेल अपवाद

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय दिल्ली की कथित अबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ 17 महीने से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा, '...जमानत नियम है और जेल अपवाद...।'

शीर्ष अदालत ने श्री सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करने, हर सोमवार को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने, गवाहों को प्रभावित नहीं करने तथा 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी। पीठ ने सिसोदिया की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि जमानत को सजा के तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। निचली अदालत और उच्च न्यायालयों को यह समझने का समय आ गया है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत के इस निष्कर्ष को खारिज कर दिया कि आरोपी भी ट्रायल में देरी के लिए जिम्मेदार थे। पीठ ने इस संबंध में सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय की ओर से दोनों मामले में जमानत मंजूर किए जाने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के जेल से बाहर आने का रास्ता अब साफ हो गया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली अबकारी नीति 2021-22 के मामले में कथित घोटाले के आरोप में उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अबकारी नीति के मामले से जुड़े धन शोधन के मुकदमे में औपचारिक तौर पर उन्हें 9 मार्च 2023 को उन्हें गिरफ्तार किया। दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से गिरफ्तारी और अदालती आदेश पर न्यायिक हिरासत में दिल्ली के केंद्रीय कारागार में बंद श्री सिसोदिया ने 28 मार्च को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बड़ी राहत की उम्मीद में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आरोपी सिसोदिया ने

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

राज्यसभा में धनखड़-जया बच्चन के बीच तू तू-मैं मैं : सपा सांसद ने सभापति की टोन पर उठाए सवाल; जगदीप ने कहा- मर्यादित रहें

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 15वें दिन शुक्रवार 9 अगस्त 2024 को राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन के बीच गरमा-गरम बहस हुई। दरअसल, धनखड़ ने जया को 'जया अमिताभ बच्चन' कहकर संबोधित किया।

इसी बात पर जया बच्चन भड़क गईं। जया ने कहा - 'मैं एक कलाकार हूं और आपकी बोलने की टोन सही नहीं है। इस पर धनखड़ ने नाराजगी जाहिर की। जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह मंजूर नहीं है। चाहे आप सेलिब्रिटी हों या कोई और, सदन के अंदर आपको मर्यादा बनाए रखनी होगी।

विपक्षी सांसदों ने लगाए 'दादागिरी नहीं चलेगी' के नारे

राज्यसभा के चेयरमैन धनखड़ ने जया के बयान के बाद बेहद तल्ख लहजे में कहा, 'आप अपनी सीट पर बैठिए।

एक कलाकार को डायरेक्टर कंट्रोल करता है। मुझे हर रोज अपने शब्दों को नहीं दोहराना। ना ही रोज स्कूल की शिक्षा देनी है।' जगदीप धनखड़ के इतना कहते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी सांसदों ने 'दादागिरी नहीं चलेगी' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके कुछ देर बात सभी विपक्षी सांसद सदन से वॉकआउट कर गए।

पहले भी नाम को लेकर भिड़ चुके हैं जया और धनखड़

बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब जया बच्चन के नाम को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले 29 जुलाई को भी राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने जया को 'मिसेज जया अमिताभ बच्चन जी' कहकर संबोधित किया था।

इस पर जया ने गुस्से में कहा था, आपको केवल जया बच्चन कहने से काम चल जाता।÷ इस पर हरिवंश ने कहा कि यहां पूरा नाम लिखा था, इसलिए मैंने दोहराया। इस पर जया बच्चन ने नाराजगी जाहिर की थी। इससे पहले 5 अगस्त को भी जया बच्चन के नाम को लेकर विवाद हुआ। राज्यसभा चेयरमैन धनखड़ ने जया को मिसेज जया अमिताभ बच्चन कहकर बुलाया।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- आदिवासियों को मारकर पहनाते थे नक्सलियों का कपड़ा

आदिवासी समाज की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक उन्नति के द्वार खोले गये है

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज, सह प्रभारी विजय जांगीड शामिल हुये। कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी समाज का सम्मान लौटाया। भाजपा के 15 सालों के रमन राज में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जाता था।

छत्तीसगढ़ की आबादी का 32 प्रतिशत हिस्सा आदिवासी समाज का है, लेकिन उन्हें ही मुख्यधारा से अलग रखने का षड़यंत्र भाजपा ने किया। जो समाज की मुख्यधारा से वंचित है, उनको बराबरी पर लाने का काम समाज के हर तबके का है। कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। पिछली बार भाजपा के कुशासन के खिलाफ हमें जनादेश मिला था। इस बार हमें हमारी सरकार के कामों के आधार पर वोट मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के 15 सालों में आदिवासी प्रताड़ित हो रहा था। बस्तर 15 सालों तक जल रहा था। आदिवासियों को मारकर नक्सलियों के कपडे पहनाया जाता था। शरीर में गोलियों का निशान रहता था, लेकिन शव के पहने कपडे में गोलियों के निशान नहीं रहते थे। पुलिस को टार्गेट दिया जाता था कि तुमको इतना मारना है और हमारे निर्दोष लोगों को मार दिया जाता था। भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद हालात परिवर्तित हुए हैं।

- भाजपा के 15 सालों के रमन राज में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जाता था।
- भाजपा के 15 सालों में आदिवासी प्रताड़ित हो रहा था। बस्तर 15 सालों तक जल रहा था

जीएसटी अधिकारी दीपक गिरी निलंबित, कारोबारी की शिकायत पर मंत्री ओपी चौधरी के आदेश

रायपुर। वित्त और वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य कर विभाग (राज्य जीएसटी) बिलासपुर संभाग क्रमांक-2 के संयुक्त आयुक्त दीपक गिरी को निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय बिलासपुर के कोचिंग व्यवसायी की शिकायत के आधार पर लिया गया है, जिसमें संयुक्त आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गिरी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, मानसिक प्रताड़ना दी और उन्हें डराया-धमकाया। साथ ही रिश्वत की भी मांग की, जबकि मंत्री ओपी चौधरी ने पहले से स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागीय अधिकारियों को केवल राजस्व वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यदि किसी व्यवसायी के साथ प्रताड़ना या परेशानी की शिकायत आती है तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी बोली- शेख हसीना के भारत में रहने से विरोधी प्रतिक्रिया स्वाभाविक

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय रिश्ते सिर्फ अवामी लीग पर निर्भर नहीं हैं और शेख हसीना को भारत में शरण दिए जाने पर बांग्लादेश में नकारात्मक प्रतिक्रियाएं देखने मिलना स्वाभाविक है। बता दें कि आवामी लीग की नेता शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भारत आ गई हैं। फिलहाल वे दिल्ली के पास गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर एक सेफ हाउस में ठहरी हुई हैं।

उम्मीद है भारत शेख हसीना का समर्थन बंद करेगा - बीएनपी

बीएनपी नेता खंदकर मोशर्रफ हुसैन ने कहा- भारत बांग्लादेश के लिए बहुत अहम देश है और अब वक्त आ गया है कि द्विपक्षीय रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू किया जाए। हुसैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बधाई संदेश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भारत अवामी लीग और शेख हसीना का समर्थन बंद कर देगा, जो एक जन आंदोलन के बाद देश छोड़कर चली गई थीं।

एक अन्य बीएनपी नेता अब्दुल अवल मिंटू ने कहा कि अगर शेख हसीना ने भारत में शरण नहीं ली होती तो बेहतर होता, क्योंकि बांग्लादेश के लोग भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और उसके लोग भारत को मित्र के रूप में देखते हैं।

भारत ने हमेशा बांग्लादेश के लोगों का सपोर्ट किया

मोशर्रफ हुसैन ने कहा, 'शेख हसीना को भारत में शरण मिलने का स्वाभाविक असल नजर आ रहा है। उदाहरण के तौर पर अगर आप मुझे पसंद नहीं हैं और कोई और आपका समर्थन कर रहा है, तो स्वाभाविक रूप से मुझे उस व्यक्ति से भी नापसंदगी होगी। यह स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत और बांग्लादेश ने हमेशा अच्छे संबंध बनाए रखे हैं, चाहे अवामी लीग सत्ता में हो या नहीं। हुसैन ने आगे कहा कि जब बीएनपी सत्ता में थी, तब उन्होंने बांग्लादेश सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया और दोनों देशों के बीच बढ़िया रिश्ते नजर आए। भारत बांग्लादेश के लिए काफी अहम है और उसने लगातार बांग्लादेश के लोगों का सपोर्ट किया है।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ कांग्रेस का 16 अगस्त को हल्लाबोल : जिला-ब्लॉकों में गौ सत्याग्रह; 14 को निकलेगी संविधान यात्रा

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस लगातार राज्य सरकार को घेरने में लगी हुई है। इस क्रम में पार्टी 14 अगस्त को बिजली के दामों की बढ़ोतरी, नगरीय निकायों के अध्यक्षों के वित्तीय अधिकार की वापसी और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर संविधान यात्रा निकालेगी। इससे पूर्व विश्व आदिवासी दिवस पर आज नये आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर विषय पर चर्चा करेंगे। वहीं 16 को कांग्रेस जिलों और ब्लॉकों में गौ सत्याग्रह करेगी।

वार्डों और गांवों में संविधान यात्रा 14 अगस्त को

आजादी की 77वीं वर्षगांठ के पूर्व 14 अगस्त को कांग्रेस प्रदेश के सभी गांवों और वार्डों में संविधान यात्रा के रूप में प्रभातफेरी निकालेगी। देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा ली जायेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन' का गान होगा। इस प्रभातफेरी में भारत के संविधान, तिरंगा ध्वज और बापू का चित्र लेकर कांग्रेसी चलेंगे।

प्रदेश के सभी जिलों और ब्लॉकों में गौ-सत्याग्रह 16 अगस्त को

प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत और खुले मवेशियों के कारण सड़कों में हो रही दुर्घटनायें आवारा मवेशियों से खेतों की चराई पूरे प्रदेश में एक बड़ी समस्या बन कर उभरी है। पार्टी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद से प्रदेश में गौवंश बदहाल है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार की ओर से संचालित गोधन न्याय योजना को बंद करके गौवंशी पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने छोड़ दिया है। एक तरफ जहां किसान खुली चराई से परेशान हैं। वही सड़कों में दुर्घटनाएं बढ़ गई है। भाजपा की सरकार में गाय, भैंस के साथ जनता भी सड़कों पर बेमौत मरने मजबूर हैं। आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार पिछले डेढ़ साल से राजभवन में लंबित है। अब प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री भी है। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ का आरक्षण संशोधन विधेयक जो पूर्ववर्ती सरकार ने विधानसभा से पारित करवा कर

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षों से)
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
प्रो. सौरभ साहू (दद्दू) - 7987256455, 9407608684
पता :- नंदई चौक, [illegible] वाटिका के सामने, मोहारा रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)

राजनांदगांव सहित पांच जिलों के उप पंजीयकों को एक साथ नोटिस, लापरवाही से सरकार को हुआ 1 करोड़ नुकसान

रायपुर। राज्य सरकार ने जमीन-मकान समेत तमाम प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से पहले मूल्य का सही मूल्यांकन नहीं करने वाले पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक-पंजीयकों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजीयन विभाग के सर्तकता प्रकोष्ठ ने 18 प्रकरणों में 1.02 करोड़ रुपये की राजस्व हानि की पहचान की और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की अनुशंसा की। प्रकोष्ठ ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ और बेमेतरा जिलों के जिला पंजीयक शुल्क की वसूली के लिए प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित उप पंजीयक और जिला पंजीयकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

कुछ महीने पहले ही पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी ने सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया था। प्रकोष्ठ के जरिए अचल संपत्तियों के क्रय-विक्रय पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इन संपत्तियों के पंजीयन के दौरान दस्तावेजों के गलत मूल्यांकन करने का मामला सामने आया है।

इस तरह मिली गड़बड़ी

सतर्कता प्रकोष्ठ ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ और बेमेतरा जिले के अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों में पंजीबद्ध दस्तावेजों की रेंडम जांच की, जिनमें 18 प्रकरणों में 1.02 करोड़ रुपये की राजस्व हानि मिली है। इन प्रकरणों में कम बाजार मूल्य का निर्धारण, इसके अलावा मुख्य मार्ग से लगी हुई एक ही खसरे की भूमि को दो दस्तावेजों के माध्यम से मुख्य मार्ग और अन्य मार्ग के दर अनुसार अलग-अगल उप पंजीयकों से पंजीयन कराया जाना पाया गया है। साथ ही गाइड लाइन के उपबंधों के अनुसार मूल्याकंन नहीं किया गया है। स्टाम्प शुल्क की छूट का प्रमाण पत्र जिस व्यक्ति के नाम से था उसके नाम से दस्तावेज का पंजीयन न कर अन्य व्यक्ति के नाम से दस्तावेज का पंजीयन किया गया है और औद्योगिक संपत्ति का 25 प्रतिशत अधिक मूल्यांकन नहीं किया गया है।

स्टाम्प शुल्क छूट का प्रमाण पत्र बैंक के लोन पर प्रभार्य मुद्रांक शुल्क से छूट का था, परंतु उस प्रमाण का लाभ भूमि क्रय करने के लिए लिया गया है। स्टाम्प शुल्क छूट निजी भूमि के क्रय पर दिया गया है, लेकिन औद्योगिक इकाई द्वारा स्टांप शुल्क छूट का लाभ भवन, शेड,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)


Recognized by
Indian Nursing Council & C.G.
Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION
B.Sc. Nursing
4 Years Course
P.B.B.Sc. Nursing
2 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.- RAJNANDGAON (C.G.)
www.rastoginursing.com • rcnrjn@rastoginursing.com
✆ 09300252200, 09300558500

नाग पंचमी पर चौरसिया समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

पूरी श्रद्धा भावना से पूज गए नाग देवता, लुप्त हो रही कुश्ती दंगल खेल को बचाने की जरूरत, विष्णु देव सरकार से गुहार

आदिवासी समाज द्वारा शहर में निकाली गई जुलूस

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को शहर सहित पूर अंचल भर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बार नागपंचमी पर्व पर सिद्ध और साध्य योग होने के कारण इसे शुभ योग मानते हुए लोगों ने पूरी भक्ति भाव के साथ भगवान शंकर व उनके गले में लिपटे रहने वाले नाग देवता का पूजा-अर्चना की।

शहर में शुक्रवार 9 अगस्त को नाग पंचमी के दिन जहां चौरसिया समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई वही विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी नेता एमडी ठाकुर व नीलकंठ गढ़े के नेतृत्व में शहर में निकाली गई जोरदार रैली जुलूस का भी जलवा बना रहा।

बताते चले कि नाग पंचमी के दिन गांव-देहात की ओर जहां किसानों ने नाग देवता को अपने फसलों का रक्षक व क्षेत्रपाल मानते हुए उसकी बांबी के पास दूध व दूब रखकर तिलक गुलाल छिड़ककर पूजा की वही लोगों ने नाग पंचमी पर्व पर गांवों में आयोजित कुश्ती-दंगल खेल आदि का आनंद लिया। शहर के वार्डों में स्थित अखाड़ों में भी शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। वही कुश्ती के दांव-पेंच भी आजमाए गए। मोतीपुर अखाड़ा बाली अखाड़ा, गंज चौक समीप स्थित जय बजरंग अखाड़ा में भी नाग पंचमी पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित रहा।

शहर में निकली शोभायात्रा

बता दे कि नाग पंचमी के दिन शहर में बाजे-गाजे के साथ अखाड़ा निकाल कर शौर्य का प्रदर्शन किया जाता है। शहर के चौरसिया समाज द्वारा नाग पंचमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई और नाग देवता की पूरी विधि- विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शोभा यात्रा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में चौरसिया समाज के लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। समाज के लोग नाचते-झूमते शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण में शामिल रहे। इधर बरई-तम्बोली समाज द्वारा जनता कालोनी में नागदेवता पूजन का आयोजन कर पूरे भक्ति भाव से अपने समाज के आराध्य की पूजा-अर्चना की व खेल स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी वितरित की गई।

स्कूल भवन जर्जर दरारों में बच्चों का भविष्य

जनपद पंचायत, नगर पंचायत, बीईओ कार्यालय से घिरे स्कूल का हाल

(अभिषेक त्रिपाठी)



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी जिले में दर्जनों ऐसे जर्जर स्कूल हैं, जहां जिन्दगी को ताक में रखकर बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं, टूटी छत, दीवारों में दरार, खिडकियों के अंदर आता बारिश का पानी, यहां आम बात है. ऐसे स्कूल में बच्चों का पढ़ना खतरे से खाली नहीं है. बावजूद इसके बच्चे सुविधाओं के अभाव में ऐसे स्कूलों में पढ़ने आते हैं।

दरअसल, हम बात कर रहे हैं अम्बागढ़ चौकी ब्लाक मुख्यालय की जहाँ बालक पूर्व माध्यमिक शाला जो कि जनपद पंचायत, नगर पंचायत यहाँ तक कि शिक्षा विभाग के कार्यालय से घिरा हुआ है। इस स्कूल में कुल 204 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं. यहां छठवी से आठवी तक के बच्चे पढ़ते हैं, जर्जर भवन के चलते शाला के बच्चों को अलग-अलग पाली में बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा हैं।

छत से टपक रहे पानी से मध्यान्ह भोजन का चांवल भीगा

स्कूल मरम्मत को तरस रहा है

नगरवासियों और पालकों के सालों में सैकड़ों शिकायत के बाद भी अब तक ना तो नया भवन बना और ना ही जर्जर भवन की मरम्मत की गई है. शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते पिछले दो सालों के शिकायत के बाद भी शिक्षा का मंदिर नहीं बन पाया है, हालात की अनदेखी और गैर जिम्मेदाराना रवैए के चलते आज भी यह स्कूल मरम्मत को तरस रहा है।

किचन में रखे चांवल भीगा

स्कूल के किचन शेड में बच्चों को जो भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है वो भी छत के सीपेज से यहाँ रखे चांवल की बोरी भीग गया है। चांवल का रंग काला पड़ गया है, पर रसोइया इसे साफ कर मध्यान भोजन बना रहे है क्योंकि उनकी मजबूरी है कि यहाँ रखे खाद्य सामग्री को किसी दूसरे जगह नहीं रखने का सख्त आदेश है ऐसे में भीगे व फफूंद लगे चांवल को चुनने में काफी वक्त लग जाता है। पर यहाँ बैठे ब्लाक शिक्षा अधिकारी को किसी प्रकार का कोई सरोकार नहीं है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

यहाँ की दीवार पिछले कई सालों से गिरी पड़ी है इसे बनाने के बजाय कबाड़ खाना बना दिया गया है। सरकार स्वच्छता अभियान पर जोर दे रही है पर इसे बनवाने में किसी ने दिलचस्पी नही दिखाई बल्कि यह कमरा किसी कूड़े दान से कम नही यहाँ रिजेक्टेट कुर्सी, बेंच, टेबल देश के महापुरुषों सहित देवी देवताओं के तस्वीरों का अपमान करते जहाँ तहाँ रख दिया गया है। इस चारदीवारी में कूड़े के ढेर लगे है।

पहला कॉलम...

कोसरिया यादव समाज बैठक कल नंदई में



राजनांदगांव (दावा)। ईष्टदेव भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर लगातार विभिन्न वार्डों में नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। कल रविवार 11 अगस्त को दोपहर 2 बजे पुनः बैठक आयोजित की जावेगी। यह बैठक नंदई वार्ड अध्यक्ष एवं गौटिया दीनू यादव एवं वासुदेव यादव के नेतृत्व में नंदई यादव भवन में आयोजित होगी। विगत रविवार जन्मोत्सव आयोजन समिति का गठन किया गया एवं जन्मोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई। स्वजातीय बंधुओं से पुनः अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर नंदई में आयोजित बैठक को एवं आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना बहुमुल्य योगदान प्रदान करेंगे। यह जानकारी नंदई वार्ड अध्यक्ष दीनू यादव ने प्रदान की।

आज कुनबी समाज का सावन महोत्सव और बैठक

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तीसगढ़, जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा सावन महोत्सव आज 10 अगस्त को मनाया जाएगा। सर्व समाज सामुदायिक भवन चिखली वार्ड 6 शासकीय प्रेस के पीछे दोपहर 1 बजे सावन महोत्सव मनाया जाएगा। महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न स्पर्धा रखी गई है। सावन महोत्सव के बाद सामाजिक बैठक होगी जिसमें समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में नए जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में वर्तमान जिला पदाधिकारी, महिला मंडल, कार्यकारिणी की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी कुनबी समाज से अजय कडव ने दी है।

कल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन जिला ईकाई की मासिक बैठक कल रविवार 11 अगस्त को स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल हाईस्कूल में अपरान्ह 12.30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में जिला ईकाई, समस्त तहसील ईकाई, नगर ईकाई एवं ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

उद्योगपति शंकर आहूजा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। लखोली रोड स्थित आहुजा पोहा मिल के संचालक उद्योगपति शंकर आहूजा का शुक्रवार 9 अगस्त को निधन हो गया। थद्धाराम संतुमल पोहा मिल के संचालक 64 वर्षीय शंकर आहूजा, संतुमल आहूजा के पुत्र, महेश आहूजा के पिता व सुशील एवं राजकुमार आहुजा के बड़े भाई थे। शंकर लाल आहूजा का अंतिम यात्रा शनिवार 10 अगस्त की सुबह 11 बजे झूलेलाल नगर साहू धर्मशाला के पास से लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

आयुक्त ने राजस्व वसूली की इंडस्ट्रीयल ऐरिया में मौका मुआयना कर कम डिमांड पर नाराजगी व्यक्त कर डिमांड दुरुस्त कर वसूली के दिये निर्देश, अपालन पर होगी कार्यवाही

सफाई निरीक्षण में आज आयुक्त 18 एकड़ एसएलआरएम सेन्टर एवं कॉलोनी में सफाई देख कर्मियों से की चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी के साथ सफाई निरीक्षण के दौरान 18 एकड़, वर्धमान नगर, पूनम कालोनी में सफाई निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से सफाई संबंधी चर्चा की एवं राजस्व वसूली के लिये इंडस्ट्रीयल एरिया के कुछ प्रतिष्ठानों के स्थल में डिमांड मिलान कर कम डिमांड पर नाराजगी व्यक्त कर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से कहा कि बिल्डिंग एवं एरिया से मिलान कर डिमांड तैयार करें तथा उसके अनुसार वसूली करे, अन्यथा कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथक्करण की जानकारी लेकर घर-घर कचरा संग्रहण संबंधी डिमांड रजिस्टर देख घर की संख्या तथा कितने घर से कितना कचरा आ रहा है कितना नहीं आ रहा है व वसूली संबंधी जानकारी ली। सेन्टर प्रभारी ने बताया कि घर एवं दुकान से नियमित कचरा संग्रहण कर उसके अनुसार यूजर चार्ज लिया जाता है। प्रभारी ने बताया कि कुछ घरो में किरायेदार भी रहते है, पर वे अलग से यूजर चार्ज नहीं देते। आयुक्त ने कहा कि सभी से नियमित रूप से यूजर चार्ज ले, नही देने पर स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड प्रभारी के साथ जाकर समझाईस दे व वसूली करें तथा शासन माप दण्ड के अनुरूप कचरा संग्रहण करे एवं सेन्टर में ही कचरा का निपटान करें।

आयुक्त श्री गुप्ता कालोनी में सफाई निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये व सफाई कर्मियों से चर्चा कर कार्य करने का समय पूछकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये एवं कहा कि बारिश का पानी भरने पर कच्ची नाली खोदकर निकासी करें। उन्होंने आर.के.नगर चौक में मवेशी पकड़ने वाले से चर्चा कर कहा कि सडकों पर बैठने व विचरण करने वाले मवेशियों को पकडे तथा मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस देवे, नही मानने पर अर्थदण्ड अधिरोपित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान इंडस्ट्रीयल एरिया एवं ममता नगर में राजस्व वसूली की जानकारी लेने मौका मुआयना किया, आर.डी.सी. हास्पिटल एवं होण्डा व बजाज शो-रूम का स्थल निरीक्षण कर डिमांड पंजी से मिलान किये कम डिमांड पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक पर नराजगी व्यक्त कर स्पष्टीकरण जारी करने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किये एवं सहायक राजस्व निरीक्षक से कहा कि सही नाप कर डिमांड तैयार कर वसूली करे, सम्पूर्ण क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों व घरो का डिमांड इस माह दुरूस्त कर नये डिमांड अनुसार वसूली करे तथा जिनके द्वारा सपित्तकर, जलकर, समेकितकर का भुगतान नही किया जा रहा है, उन्हे नोटिस जारी करे एवं टीम के साथ जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर, प्र.स्वच्छता निरीक्षक भूषण मेश्राम, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू तथा स्वास्थ्य व राजस्व अमला उपस्थित था।

'जिला स्तरीय सेन सावन महोत्सव' कल गांधी सभा गृह मुनिस्पल स्कूल में

मुख्य अतिथि महापौर और जिले के 6 ब्लॉक की महिलायें होंगी शामिल

राजनांदगांव (दावा)। जिला सर्व सेन समाज के तत्वाधान में जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षिका श्रीमती निशा श्रीवास के नेतृत्व में पहली बार 'जिला स्तरीय सेन सावन महोत्सव' का भव्य आयोजन 11 अगस्त 2024, दिन-रविवार, समय-सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, गांधी सभा गृह ऑडिटोरियम मुनिस्पल स्कूल ग्राऊंड, महावीर चौक, जी.ई. रोड़ में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्कारधानी राजनांदगांव की प्रथम नागरिक 'महापौर श्रीमती हेमा देशमुख उनके साथ कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिलाध्यक्ष एस.एन. शाण्डिल्य, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन शामिल होंगे।

जिला मिडिया संयोजक इंद्रद्वीप हीरा सेन ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि यह जिला स्तरीय सेन सावन महोत्सव में जिले भर के 6 ब्लॉक सोमनी-टेडेसरा-मनकी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, घुमका और राजनांदगांव शहर की सभी महिलायें शामिल होगी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों, प्रतिभावान बालिकाओं और महिलाओं का प्रतिभा सम्मान होगा और आने वाले सभी लोगों के लिये गाड़ी पार्किंग और स्वल्पाहार दोपहर भोजन की व्यवस्था रहेगी।

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षिका निशा श्रीवास ने सर्व सेन समाज की सभी महिलाओं को आमंत्रित करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य महिलाओं को संगठित, नेतृत्व की भावना, उनके जीवन शैली और बौद्धिक गुणों में विकास करते हुए देश धर्म समाज के प्रति उनकी महत्वकांक्षाओं को प्रोत्साहित कर जागरूक करना है। निशा श्रीवास ने सभी सर्व सेन समाज की महिलाओं को इस कार्यक्रम में आकर सामाजिक गतिविधियां और सेन सावन महोत्सव को सफल बनाने की विनती की है।

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता कि पुण्यतिथि की तैयारी शुरू

राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता पुण्यतिथि की तैयारी शुरू छत्तीसगढ़ से निर्वाचित प्रथम महिला सांसद रही स्व. मिनीमाता की 52 वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

सतनामी समाज की गुरु माता एवं अविभाजित मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ से चार बार की निर्वाचित प्रथम महिला सांसद रही स्व. मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला सतनामी सेवा समिति 5041 भवन में बैठक हुई।

मुख्यमंत्री होंगे शामिल

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष युवराज ढीरहेर और संरक्षक पार्थ गेडरे ने बताया कि मुख्य आयोजन 11 अगस्त को सतनाम भवन में मुख्यमंत्री माताजी की मूर्ति में माल्यार्पण कर गौरवपथ स्थित आडिटोरियम में नव निर्वाचित जिला पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के मुख्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे साथ ही राजनांदगांव के लाडले जननायक विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आरंग विधायक व सतनामी समाज के धर्मगुरू गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय शिरकत करेंगे जिसकी जानकारी युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गुलाब चंदेल व जिला महामंत्री हरीश सोनवानी ने दी।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)
रा.मा.क्रं202408093700012
अ-6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय सुखीजा आ. बसंत सुखीजा निवासी न्यू खण्डेलवाल कालोनी, ममतानगर, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 27 डी भूखण्ड क्रमांक-3/1, क्षेत्रफल 164.00 वर्गमीटर जो धारकगण अशोक सिंह ठाकुर, अमरसिंह ठाकुर, निवासी-बसंतपुर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड में से क्षेत्रफल 82.00 वर्गमीटर पर पंजीकृत बयनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 28.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
नजूल जांच राजनांदगांव

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-8
330-6 239-4
राजधानी
1-5-9
123-6 359-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत भानपुरी निवासी नारायण दास वैष्णव का 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नारायणदास मोटर सायकल से ग्राम सोमनी के समीप गिर गये थे। जिन्हें इलाज के लिए रायपुर के डीके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वे भानपुरी निवासी बालकृष्णदास वैष्णव के छोटे एवं कौशलदास वैष्णव के बड़े भाई थे। श्री वैष्णव अपने पीछे तीन पुत्री सहित दो भाईयों का भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार ग्राम भानपुरी मुक्तिधाम में किया गया। जहां उनके पारिवारिकजन, ईष्टमित्र एवं शुभचिंतक शामिल हुए।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम चुनिया वर्मा था, जिसे बदलकर मैने अपना नया नाम होनेश्वरी वर्मा पिता धनेश वर्मा रख ली हूं।

भविष्य में मुझे मेरे नये नाम होनेश्वरी वर्मा से जानी, पहचानी, पुकारी व समस्त शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें।

जिसके लिए श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, राजनांदगांव के समक्ष शपथ पत्र एवं राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत हैं। सूचना जानें...

शपथकर्ता
होनेश्वरी वर्मा
पिता धनेश वर्मा
निवासी ग्राम रेंगाकठेरा
तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय - नगर पंचायत डोंगरगांव

क्र. 154/रा.नामा./न. पं. 2024, दि. 02.05.2024

नामांतरण प्रकाशन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता मुटकुरे आ. स्व. श्री भैय्यालाल मुटकुरे, निवासी वार्ड नं. 4 डोंगरगांव द्वारा विक्रेता सुभाष सोनी आ. श्री लक्ष्मीनारायण सोनी, वार्ड नं. 5, डोंगरगांव के हक व स्वामित्व की खसरा नं. 60/10 का टुकड़ा, रकबा 0.24 हे. को पंजीबद्ध बिक्रीनामा के आधार पर क्रय किया है। जिसके बाद आवेदिका ममता मुटकुरे द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम पर दर्ज करवाने छ. ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् अपने नाम पर दर्ज करवाने तथा नगर पंचायत के संपत्ति कर पंजी में दर्ज करवाने हेतु आवेदन व उसके साथ पंजीबद्ध बिक्रीनामा, बी- 1 तथा पी 2 आदि प्रस्तुत किया है। इस संबंध में कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। नियत तिथि उपरांत दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, डोंगरगांव

शा. दिग्विजय महाविद्यालय में सिकलसेल जांच शिविर में 41 पाजिटिव

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में सिकलसेल जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 900 छात्र-छात्राओं का सिकलसेल जांच में 41 विद्यार्थियों का सिकलसेल जांच धनात्मक पाया गया। जिन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही महाविद्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया यह एक अनुवांशिक रोग है, इसलिए जब तक खून की जांच नहीं करवाई जाए तब तक इस रोग की जानकारी नहीं मिलती है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोगियों के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सिकलसेल जांच कराने की अपील की है।

सिकलसेल जांच शिविर में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र सुश्री वंदना मिश्रा, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सहयोगी कार्यरत शहरी एएनएम श्रीमती सरिता निषाद, श्रीमती प्रीतिबाला रामटेके, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती गौरी साहू, श्रीमती चंद्रमती चंदेल, रिंकी धुर्वे, सुश्री चीना कंवर, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती ज्योति सिन्हा, अल्का गायकवाड़ सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सिकलसेल जांच की गई। साथ ही आयुष्मान कार्यक्रम अंतर्गत वासू के द्वारा कार्ड बनाने का कार्य किया गया।

---

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सुपर स्टार धनुष का एक्शन से भरपूर
रायन
(हिन्दी में)
कलाकार -धनुष, दुशारा विजयन,प्रकाश राज संदीप किशन, कालीदास, एस जयसुर्या आदि
आगामी ता.15 से कहा इही ला कइथे मया कहा इही ला कइथे मया
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
09th Aug to 14th Aug 2024
silver SCREEN

GHUSPAITHIYA
हंडा

Ghuspaithiya (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kalki (Hindi) - 06:00 and 09:00 pm
Handa (C.G) - 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) ✆ 8085600200

डोंगरगढ़ पुलिस ने मप्र की नान ड्यूटी पेड शराब जप्त की

० भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री से मिले थे शराब तस्कर
० 200 नग गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश राज्य निर्मित जप्त

डोंगरगढ़(दावा)। अपने अवैध व्यापार को संरक्षण प्रदान करने शराब तस्कर नेताओं का सहारा लेते आ रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही शराब तस्करों ने कांग्रेस नेताओं को छोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं का सहारा लेना प्रारंभ कर दिया है। शराब तस्करी के आरोप में जिस आरोपी का नाम सामने आया है उसकी फोटो प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ सोशल मीडिया में वायरल हुई है। जिसकी तीखी प्रतिक्रिया देखने-सुनने को मिल रही है। भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने शराबबंदी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

पुलिस की सक्रियता से डोंगरगढ़ पुलिस को नान ड्यूटी पेड शराब जप्त करने में सफलता मिली है। दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 200 नग गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 36.000 बल्क लीटर एवं एक चार पहिया वाहन सहित कुल- 827000 रू. जप्त किया गया। फरार आरोपी गामन निषाद आदतन शराब तस्कर है। जिसके खिलाफ थाना में कई मामले दर्ज है।

डोंगरगढ़ पुलिस को कल 8 अगस्त के पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिली कि ग्राम चिद्दो-पनियाजोब रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड के पास एक कार में मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब बिक्री की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुची। पुलिस को देखकर आरोपीगण भागने लगे जिसे घेराबंदी कर दो व्यक्ति को पकड़े एवं एक व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े हुये व्यक्तियों में दीपम बघेल पिता ईश्वर चंद बघेल उम्र- 36 साल निवासी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ एवं मोहित लाउत्रे पिता पृथ्वी नाथ लाउत्रे उम्र- 26 साल निवासी बुधवारी पारा शामिल है। फरार हुये व्यक्ति का नाम गामन निषाद निवासी बुधवारी पारा का होना बताये। पकड़े गये आरोपीगण से पूछताछ करने पर फरार आरोपी गामन निषाद के साथ मिलकर मध्यप्रदेश से मारूती सुजूकी सियाज कार क्रमांक- सीजी-07 /बीजी 9092 में शराब लाकर डोंगरगढ़ क्षेत्र में बेचने लाना बताये। आरोपीगण के कब्जे से छत्तीसगढ़ राज्य में नान ड्यूटी पेड शराब कुल 200 नग गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश राज्य निर्मित कीमत 27,000 रू., एक मारूती सुजूकी सियाज कार क्रमांक- सीजी-07/बीजी 9092 कीमती- 8,00,000 रू. कुल कीमत- 827000 रू. एवं दो नग मोबाईल को जप्त कर धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही कर मौके पर पकड़े गये। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

फरार आरोपी गामन निषाद जो आदतन शराब तस्कर है इसके पूर्व भी उसके विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ एवं आसपास के थाना में अवैध शराब परिवहन करने के कई मामले दर्ज है जिसकी पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, योगेश पटेल, आरक्षक प्रयंस सिंह, राजेन्द्र साहू, युगेन्द्र देशमुख, बिरंची टण्डन, चमन साहू, लीलाधर मण्डलोई एवं सायबर सेल राजनांदगांव से आरक्षक परिवेश वर्मा, हरिश ठाकुर का विशेष योगदान रहा है।

डोंगरगढ़ में पूर्ण शराब बंदी होनी चाहिए - राकेश अग्रवाल पार्षद

वार्ड पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कहा है कि डोंगरगढ़ में पूर्ण शराबबंदी होना चाहिए।

शहर के युवाओं का भविष्य खराब कर रही है शराब- संजीव गोमास्ता

शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ने कहा है कि, शराब के साथ-साथ सभी उन नशों का, जिसके कारण हमारे शहर के युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है, उन सभी की पूर्ण बंदी होनी चाहिए। कुछ वर्षो से बड़ी संख्या में युवा लोग तेजी से नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं और अपराध बढ़ता जा रहा है।

अब धर्मनगरी डोंगरगढ़ में नहीं बिकेगी शराब - भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह

शराबबंदी को लेकर उचित मंच पर की जाएगी सार्थक चर्चा

(विलास जाम्बुलकर)

डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी की नगरी पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि धर्मनगरी में शराब बिकने की शिकायत कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रही है। धर्मनगरी क्षेत्र में जब शासन से ही प्रतिबंध लगाया गया है तो, लोगों की अपेक्षा के अनुरूप इसे बंद करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोगों की अपेक्षा है तो इसे जरूर पूरा करेंगे। कांग्रेस कार्यकाल में 24 वार्डों में अवैध रूप से शराब बिक रही थी। अब ज्यादा बिक रही है। यह बात कार्यकर्ताओं के माध्यम से पता चली है। उचित मंच पर चर्चा कर इस पर कार्रवाई करेंगे।

मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सत्ता नहीं वे संगठन में कार्य कर रहे हैं। सभी के साथ मिलकर पार्टी की योजनाओं को निचले स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का कार्य हो रहा है। नगरीय निकाय चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा का एक ही मुद्दा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास सबको साथ में लेकर प्रदेश के विकास के साथ-साथ प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री की योजनाओं को गांव गरीब किसान तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है हम अंतिम छोर निचले स्तर तक पूरे वर्ष भर अपने कार्यक्रमों के द्वारा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता तक पहुंचते हैं हर बूथ तक हमारी इकाई है। चुनाव के लिए 24 घंटे तैयार रहते हैं।

0 प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूर्ण करेंगी प्रदेश सरकार

मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि विष्णु देव सरकार प्रधानमंत्री की गारंटी की योजनाओं को प्रयासकर निचले स्तर तक पहुंचा रही है। भाजपा ने जो विधानसभा के पूर्व वचन दिया था उसे पूरा करने में लगे हैं। केंद्र की जो योजनाएं गत 5 वर्षो से कांग्रेस सरकार ने बंद करके रखा था उसे निचले स्तर तक पहुंचा रहे है। साय सरकार गांव गरीब किसान के लिए कार्य कर रही है।

0 जातिगत जनगणना के नाम से भ्रम फैला रहे हैं नेता प्रतिपक्ष

किरण सिंह देव ने आगे कहा कि, राहुल गांधी हिंदू समाज को हिंसक बता रहे है। जातीय जनगणना पर उन्होंने कहा कि यह उनकी छटपटाहट है। वे 99 पाकर ही खुश हैं। किंतु लोकसभा की मर्यादा को तोड़ने का कार्य नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। जबकि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश के बारे में गलत ढंग से चर्चा करते रहे हैं। विश्व में भारत आर्थिक स्तर पर नौवें से पांचवें स्थान पर है 2 वर्षो में तीसरे और दूसरे स्थान पर होगा। यह हमारा नहीं देशवासियों का सम्मान है। उनका सम्मान बढा है। किंतु राहुल गांधी अनर्गल बात करते हैं। कांग्रेस अब कितने राज्यों में है यह उन्हें देखना चाहिए वह धीरे-धीरे सिकुड़ते जा रही है।

0 गाय कहां है, गौठान की क्या हालत है लोग देख रहे हैं

गाय और गौठान के पूर्व मुख्यमंत्री के बयान पर उन्होंने कहा कि अजब बात है 5 वर्षो में प्रदेश को तबाह करने वाले भय, भूख, भ्रष्टाचार व अत्याचार अनाचार दुराचार जिनकी सरकार में हुआ है वे ऐसा सवाल कर रहे हैं प्रदेश अब सुशासन की ओर बढ़ रहा है धीरे-धीरे सब दुरुस्त हो रहा है तो पच नहीं रहा।

गाय कहां गौठान कहां पर तंज कसते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम और प्रदेश की जनता तो गौठान को ढूंढने के लिए निकले थे इसके नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार किया गया। तभी तो वे सरकार से दूर हो गए। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए उन्होंने कहा कि कैबिनेट ही निर्णय लेगी मुख्यमंत्री स्वयं निर्णय लेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त स्वच्छ पारदर्शी सरकार जिसकी कल्पना जनता कर रही है उसे पूरा करेंगे।

जिपं. सीईओ ने लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर दिग्विजय स्टेडियम का किया आकस्मिक निरीक्षण

० आधार आधारित बायोमैट्रिक से उपस्थिति अथवा जिओ-टैग आधारित फोटो से ही उपस्थिति मान्य
० आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश
० शासकीय अथवा अशासकीय वीटीपी का प्रशिक्षण के विरूद्ध राशि भुगतान नियमानुसार लंबित नहीं

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान सेंटर में चल रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली।

आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी राजनांदगांव द्वारा ब्लाऊज मेकिंग कोर्स में 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण का संचालन प्रत्येक योजनांतर्गत उसके नियमानुसार आधार आधारित बायोमैट्रिक से उपस्थिति अथवा जिओ-टैग आधारित फोटो से ही उपस्थिति मान्य की जाती है एवं हितग्राहियों के 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर हितग्राहियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होती है।

जिला पंचायत सीईओ ने प्रशिक्षण केन्द्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा नवीन गाईड लाईन जारी होने के उपरांत पूर्व में पंजीकृत सभी शासकीय एवं अशासकीय वीटीपी का पंजीयन निरस्त कर दिया गया था। गाईडलाईन अर्हता के अनुरूप राजनांदगांव जिले में कुल 12 वीटीपी पंजीकृत है, जिसमें से 8 शासकीय वीटीपी एवं 4 अशासकीय वीटीपी है। वर्तमान में राजनांदगांव जिले में किसी भी शासकीय अथवा अशासकीय वीटीपी का प्रशिक्षण के विरूद्ध राशि भुगतान नियमानुसार लंबित नहीं है। शासन के नियमानुसार योजना से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जल जीवन मिशन से घर में नल कनेक्शन मिलने पर ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी की महिलाएं प्रसन्न

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तोरनकट्टा एवं उसके आश्रित ग्राम मनकी की दशा पहले की अपेक्षा सुधरने लगी है। यहां के ग्रामीण अब खुश है, उनके गांव के हर घर में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गयी है। शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर-नल कनेक्शन से ग्राम की महिलाएं प्रसन्न है, अब उन्हें हैंडपंप के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी में जल जीवन मिशन के तहत डिस्ट्रीब्यूशन 400-400 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर दोनों ग्रामों के लगभग 304 परिवारों को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ग्राम तोरनकट्टा की सरपंच श्रीमती सेवती साहू ने बताया कि गांव के प्रत्येक घर में सभी को पानी मिल रहा है, जिससे पूरे गांव में खुशहाली का माहौल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक सतत अभियान चलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वार्ड नंबर 11 की श्रीमती तीरथ बाई और वार्ड नंबर 8 की श्रीमती प्रमिला साहू ने सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने बताया कि उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, पानी के लिए लम्बी लाइन लगाना, बोरिंग एवं कुंआ पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है, जिससे उनके समय की बचत भी हो रही है। पेय जल प्रबंधन से जुड़ी सदस्य श्रीमती सीता बाई ने बताया कि हर 3 महीने में जल वाहिनियों द्वारा जल की शुद्धता का परीक्षण एफटीके किट के माध्यम से किया जाता है, ताकि सभी को गुणवत्ता युक्त पेयजल प्राप्त हो सके। स्कूली छात्रा पल्लवी यादव ने कहा कि पहले पानी की समस्या की वजह से स्कूल जाने में देरी होने के साथ ही घर के बाकि कामों में भी देरी होती थी। एक महिला के समय के साथ-साथ उनके पूरे घर वालों के समय का नुकसान होता था, किन्तु योजना के आने के बाद उन सभी के काम समय से पूरे हो रहे है। जिसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा - आडिटोरियम के शिविर में 159 मांग व 5 शिकायत सहित 164 आवेदन प्राप्त, 64 का शिविर में ही निराकरण

आज शिविर के अंतिम दिन वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये सामुदायिक भवन सिगदई में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 27 जुलाई से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगातार वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। सभी शिविरों में बडी संख्या में वार्डवासी अपनी समस्या लेकर पहुच रहे है, आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42, 43 व 46 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासी उपस्थित होकर 159 मांग व 5 शिकायत सहित 164 प्राप्त दिये, जिसमें श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के 64 प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया गया।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी शिविर में विभिन्न समस्याओं संबंधी आवेदन ले रहे है। आज के शिविर में संबंधित पार्षदों में ऋषि शास्त्री, श्रीमती खेमिन यादव सहित सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव उपस्थित रहे।

शिविर में मोबाईल मेडिकल युनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। कल शिविर के अंतिम दिन सामुदायिक भवन सिगदई में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर आयोजित किया जायेगा।

पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42, 43 व 46 के लिये आज आयोजित शिविर में 164 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 6 आवेदन जल विभाग के राशन कार्ड के 15, पेंशन के 4, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 35, भवन नजूल के 18, लोककर्म के 14, विद्युत विभाग के 5 के अलावा श्रमिक कार्ड पंजीयन के लिये 12, आधार पंजीयन 19 व आयुष्मान पंजीयन 33 एवं महिला बाल विकास संबंधी 1 प्रकरण आये, प्राप्त प्रकरणों में 64 का शिविर में निराकरण किया गया, जिसमें 12 श्रमिक कार्ड बनाया गया, 33 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया तथा 19 आधार कार्ड बनाया गया। शेष आवेदनों में राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने घटाने, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी के तहत आवास निर्माण, नल कनेक्शन, लाईट लगाने तथा रोड, नाली निर्माण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। शिविर स्थल पर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 54 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल द्वारा 30 लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्डवासियों से अपील करते हुये कहा है कि शिविर में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा विभिन्न हितग्राही मूलक योजना राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, स्व रोजगार का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने वार्डवासियों से कहा कि कल शिविर के अंतिम दिन सामुदायिक भवन सिगदई में आयोजित शिविर में पहुँचकर शासन की योजना का लाभ ले एवं अपनी समस्या का निराकरण कराये। शिविर में शिविर प्रभारी अधिकारियो में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, उप अभियंता दीपक महला व अनिमेष चंद्राकर के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

आज भव्य पालकी शोभायात्रा डोंगरगांव में

0 पालकी यात्रा की गूंज जिले भर में
0 राजा चंद्रमोलेश्वर की पालकी दोपहर 1:00 बजे से

डोंगरगांव (दावा)। हिंदू धर्म में सावन मास को शिव भक्ति का पवित्र मास माना जाता है। इस मास में शिव भोलेशंकर, महाकाल बाबा का अभिषेक, पूजन, आरती, हवन तो होता ही है, साथ ही बाबा महाकाल उज्जैन की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की धारा के राजनांदगांव जिले में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा का विशेष आयोजन प्रत्येक सोमवार को होता है। इसके साथ ही अन्य दिनों में जिले के अनेक स्थानों से भी पालकी निकाली जाती है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष आज 10 अगस्त शनिवार को जिले के डोंगरगांव में महाकाल पालकी शोभायात्रा दोपहर 1:00 बजे हनुमान मंदिर किलापारा से निकाली जावेगी। महाकाल भक्त सुनील टावरी ने जानकारी दी कि डोंगरगांव से निकलने वाली यह पालकी यात्रा हनुमान मंदिर किलापारा से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए साकेत धाम शिव मंदिर डोंगरगांव में विश्राम लेगी। पालकी यात्रा को लेकर डोंगरगांव के लोगों में उत्साह देखा जा सकता है। पालकी यात्रा में विशेष रूप से शिव के अनेक रूप में लोक कलाकार अपनी जीवंत प्रस्तुति देंगे। ढोल, नगाड़ा, झांझ, मंजीरा एवं डमरू आदि का भी प्रदर्शन होगा। बाबा महाकाल की विशाल मूर्ति भी एक झांकी में होगी। सुमधुर भजन कीर्तन करते हुए पुरुष, महिलाएं नवयुवक, युवतियां साथ होंगी। महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल सेना राजनांदगांव एवं महाकाल समिति डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने भक्तों से अपील की है कि वह पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हो महाकाल बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

पेरिस ओलम्पिक में भारत के कांस्य पदक के जीत पर खिलाड़ियों में उत्साह

हॉकी नर्सरी में दीवाली-सा माहौल खेलप्रेमियों द्वारा फटाके फोड़े व मिठाई बांटी गई

राजनांदगांव (दावा)। पेरिस ओलंपिक में कल 8 अगस्त को सम्पन्न हुई पेरिस ओलंपिक हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे चौथे स्थान के लिए भारत के खिलाडियों ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 1 के विरूद्ध 2 गोल से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया जिसको लेकर हॉकी नर्सरी के खिलाड़ियों में उत्साह है।

26 जुलाई 2024 से आयोजित पेरिस ओलंपिक में खेले गई कल 8 अगस्त को तीसरे चौथे स्थान के लिए मैच में भारत के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए भारत के होनहार व भविष्य के उभरते खिलाडियों ने बैहतरीन तकनीक व खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 2-1 गोल से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा कर राष्ट्रीय खेल हॉकी का मान बढाया।

इसके पूर्व भी भारतीय हॉकी टीम का शानदार खेल का प्रदर्शन रहा भारतीय हॉकी टीम ने 50 वर्षो के बाद आस्ट्रेलिया को 3-2 से पराजित किया तथा ग्रेट ब्रिटेन को महज 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए शूटआउट में 4-2 गोलो से पराजित किया था। इस विजय को लेकर जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं हॉकी नर्सरी के खिलाडियों व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है हॉकी नर्सरी में दीवाली का महौल बना हुआ है खेल प्रेमी खिलाड़ियों ने इस मौके पर फटाके फोडे मिठाईयां बांटे व एक दुसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, अशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौतम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, समाजसेवी मोनू बहादुर, प्रखर श्रीवास्तव, गोलू गुप्ता, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटे रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अशोक नागवंशी, संतोष चोखान्द्रे, खुशाल यादव, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णव, चंद्रहास साहू, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल, अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, कृष्णा यादव के साथ ही हॉकी खिलाड़ियों ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की।

कबाड़ी संचालकों के कब्जे से डेढ़ लाख रु. घरेलू सामान सहित लोहे के सामान भी किया जप्त

चोरी पर अंकुश लगाने हेतु केसीजी पुलिस के द्वारा बड़ी कार्यवाही

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल (भापुसे) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले, थाना प्रभारी खैरागढ़ जितेन्द्र बंजारे के मार्गदर्शन में वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को देखते हुए, लगातार अपराधियों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना खैरागढ़ टाऊन भ्रमण पेट्रोलिंग पर हमराह स्टाफ के रवाना हुआ था, कि दौरान जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ, कि एक दस चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीए 6992 जिसमें कबाड़ी सामान टूटा-फूटा भरा हुआ है, जो जालबांधा दुर्ग की ओर जा रहा है। जिसकी सूचना पाकर गवाह 01. शिव कुमार एवं 02. जुगनू को मुखबीर सूचना अवगत कराकर मुखबीर पंचनामा तैयार कर साथ लेकर बीबीसी पेट्रोल पम्प के पास अमलीपारा खैरागढ़ के पास नाकाबंदी कर आते हुए ट्रक दस चक्का क्रमांक सीजी 04 डीए 6992 को रोका, चेक करने पर ट्रक में कबाड़ सामग्री सायकल, ड्रम, लोहे की रॉड, तेल टीना एवं अन्य कबाड़ सामान आदि भरा हुआ था। जिससे ट्रक ड्रायवर जय प्रकाश सिंह से पूछताछ करने तथा नोटिस देने पर कबाड़ सामान के संबंध में कोई वैद्य कागजात नही होना लेख कर बताया। जिसमें कबाड़ी सामान का वजन 13160 किलो ग्राम किमती करीबन 150000 रूपये चोरी के सामान होने की संदेह पर गवाहों की उपस्थिति में मौके पर कार्यवाही कर धारा 35(1) (ई) भा.ना.सु.सं./ 303(2) भा.न्या.सं. के तहत मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्त किया गया। अनावेदक जय प्रकाश सिंह पिता सूरूज देव सिंह उम्र 55 साल निवासी नवीन नगर थाना पारडी जिला नागपुर (महाराष्ट्र) हाल पता किल्लापारा खैरागढ़ थाना खैरागढ़ केसीजी (छ.ग.) के विरूद्ध इस्त. क्रमांक 12/2024 धारा 35 (1) (ई) भा.ना.सु.सं./ 303 (2) भा.न्या.सं. तैयार कर जप्तशुदा सम्पत्तियों के स्वामियों का पता तलाश किया जा रहा है। अपराध घटित होने की परिकल्पना से आरो विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत् भी आरोपियों को जेल भेजा दिया गया है।

अनमोल दावा

> प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति को क्रोध और लोभ त्याग देना चाहिए क्योंकि इससे आत्मा का पतन होता है।

मनी लॉन्ड्रिंग आरोपों की बुनियाद, कार्रवाई में तेजी दिखाने के साथ सबूतों को पेश करने में भी गंभीरता जरूरी

सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में दर्ज होने वाले मामलों की बुनियाद में सबूतों का आधार कितना ठोस था और किन वजहों से प्रवर्तन निदेशालय पर पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर कार्रवाई करने के आरोप लगते हैं! पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन के आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआइ की ओर से छापे या गिरफ्तारियों के मामले सुर्खियों में रहे हैं। इसके अलावा, ऐसे कई मामलों में होने वाली कार्रवाइयों की जैसी प्रकृति देखी गई, उसमें अब ईडी को विपक्ष की आवाज को दबाने का औजार बनाए जाने के आरोप भी लगने लगे हैं। इस मसले पर खुद सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी प्रवर्तन निदेशालय को एहतियात बरतने या हिदायत देने की कोशिश हो चुकी है। मगर आज भी ऐसे आरोपों में साक्ष्यों को लेकर शायद गंभीरता नहीं आ पाई है या फिर इसमें एक परिपक्व दृष्टि का अभाव दिखता है। शायद यही वजह है कि बुधवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन के मामलों में दोषसिद्धि की बहुत कम दर का हवाला देते हुए ईडी से अभियोजन और साक्ष्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा। यह छिपा नहीं है कि बीते कुछ समय से धनशोधन के आरोपों में छापा या फिर गिरफ्तारी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं, मगर उनमें से बहुत कम मामलों में आरोप साबित हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को दोषसिद्धि की दर को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक जांच करने की सलाह दी।

दरअसल, पहले भी धनशोधन के आरोप पर होने वाली कार्रवाइयों को लेकर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं और बिना मजबूत साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी के मामलों की विश्वसनीयता कसौटी पर रही है। इसके बावजूद लगातार इस तरह के आरोप में छापे या गिरफ्तारी के मामले सामने आए। हकीकत यह है कि धनशोधन के मामले में गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप के साथ ईडी ने कार्रवाई करने में जितनी हड़बड़ी दिखाई, उतनी ही शिद्दत से आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य पेश नहीं किए। नतीजतन, ऐसे मामलों में दोषसिद्धि की दर काफी कम रही।

गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि ईडी ने सन 2014 से लेकर 2024 के बीच धनशोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए के तहत कुल पांच हजार दो सौ सत्तानबे मामले दर्ज किए, लेकिन इनमें से सिर्फ चालीस आरोपों में ही दोष सिद्ध हो सका। सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में दर्ज होने वाले मामलों की बुनियाद में सबूतों का आधार कितना ठोस था और किन वजहों से प्रवर्तन निदेशालय पर पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर कार्रवाई करने के आरोप लगते हैं!

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शीर्ष अदालत को यह कहने की जरूरत पड़ी कि जिन मामलों में प्रथम दृष्टया मामला बनता है, प्रवर्तन निदेशालय को उन्हें अदालत में साबित करने की जरूरत है। अदालत की यह टिप्पणी यही दर्शाती है कि जिस तेजी से धनशोधन के मामलों में ईडी ने कार्रवाई किए, उसे साबित करने को लेकर उसके भीतर कोई गंभीरता नहीं दिखी। इसकी क्या वजहें हो सकती हैं?

आखिर क्या कारण है कि विपक्षी दलों को प्रवर्तन निदेशालय की मंशा पर और उसके सरकार के इशारे पर काम करने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाने का मौका मिलता है? गैरकानूनी धनशोधन के मामलों की जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अगर दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की दर बेहद कम है तो क्या यह प्रवर्तन निदेशालय की साक्ष्यों को लेकर गंभीरता में कमी का सूचक नहीं है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि ईडी जैसी सरकारी एजंसी की विश्वसनीयता या साख उसकी कार्रवाइयों की बुनियाद और उसमें दोषसिद्धि की दर के आधार पर बनती या बिगड़ती है।

शेख़ हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद भारत के भारी-भरकम निवेश का क्या होगा?

कीर्ति दुबे

पाँच अगस्त को जब शेख़ हसीना बांग्लादेश से दिल्ली पहुंचीं, तो यह समझना मुश्किल नहीं था कि उन्होंने भारत को क्यों चुना.15 सालों से बांग्लादेश की सत्ता में रहते हुए शेख़ हसीना ने भारत के साथ अपने रिश्तों को काफ़ी मज़बूत बनाया था.या यूं कहें कि बांग्लादेश की कई क्षेत्रों में भारत पर निर्भरता बढ़ती गई है.खाद्य सामग्री से लेकर बिजली तक बांग्लादेश भारत से लेता है.दोनों देशों के बीच ट्रेन लाइन हैं और लोग सीमा पार करके बड़ी आसानी से एक से दूसरे देश आते-जाते हैंइस साल शेख़ हसीना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली विदेशी मेहमान थीं.बीते एक साल में दोनों नेताओं के बीच 10 बार मुलाक़ात हुई है.साल 2009 से जब से शेख़ हसीना बांग्लादेश की सत्ता में आईं, तब से ही भारत ने वहाँ बड़े प्रोजेक्ट में निवेश किए हैं.ऐसे में इस तरह से शेख़ हसीना का देश की सत्ता से बाहर होना, लोगों का उनके प्रति ग़ुस्सा और जिस तरह से देश की सत्ता में परिवर्तन हो रहा है, उससे भारत की कई सारी चीज़ें दांव पर लगी हैं.ख़ासकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते, जिनमें भविष्य में होने वाला मुक्त व्यापार समझौता भी शामिल है.

बांग्लादेश भारत का व्यापार के लिहाज से इस उपमहाद्वीप में सबसे बड़ा साझेदार है और भारत भी बांग्लादेश के लिए चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है.भारत सरकार का डेटा बताता है कि साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच 13 अरब डॉलर का व्यापार हुआ.बीते साल नवंबर महीने में दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने भारत समर्थित तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था. अखौरा-अगरतला रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री थर्मल प्लांट.अखौरा-अगरतला पहली ट्रेन सेवा है, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ती है.भारतीय रेल ने लाइन ऑफ़ क्रेडिट प्रोग्राम के तहत बांग्लादेश के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में लगभग एक हज़ार करोड़ का निवेश किया है.बांग्लादेश में अडानी समूह का भी बड़ा निवेश है. अडानी पावर ने साल 2017 में बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट के साथ 25 साल का समझौता किया था.जिसमें अडानी पावर की ओर से अपने झारखंड स्थित गोड्डा प्लांट से 1496 मेगावाट बिजली देने का वादा है.गोड्डा पावर प्रोजेक्ट देश का पहला ट्रांजेक्शनल पावर प्लांट है. इसकी 100 फ़ीसदी एनर्जी बांग्लादेश भेजी जाती है. साल 2023 से ये प्लांट बांग्लादेश में बिजली भेज रहा है.अडानी के साथ-साथ बांग्लादेश में डाबर, मारिको, हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस मोटर का भी निवेश है.बांग्लादेश में 2007-2010 तक भारत के उच्चायुक्त रहे पिनाक चक्रवर्ती कहते हैं, च्च्मैंने बांग्लादेश का 2007 का एक बेहद मुश्किल दौर में देखा है, ये भी ऐसा दौर है जहां प्रशासन व्यवस्था ख़त्म हो गई है. लेकिन बांग्लादेश में सरकार किसी की भी बने वो देश की अर्थवयवस्था को अनदेखा तो नहीं कर सकतीवो कहते हैं, भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता इतनी ज़्यादा है कि वो भारत को नहीं छोड़ सकता तो ऐसे में कुछ वक़्त के लिए जो प्रोजेक्ट हैं वो रुकेंगे लेकिन भारत का निवेश दांव पर लगा है ये कहना या समझना ठीक नहीं है.भारत और बांग्लादेश के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अक्तूबर 2023 में शुरू हुई ताकि दोने देशों से आयात-निर्यात होने वाली चीज़ों पर कस्टम ड्यूटी हटा दी जाए.विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार, इससे भारत को बांग्लादेश के निर्यात में 297 फ़ीसदी तक और भारत के निर्यात में 172 फ़ीसदी तक की वृद्धि होने की संभावना है.हालाँकि बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक दृश्य को देखते हुए इसके भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है.हीरो मोटोकॉर्प और टीवीएस के बांग्लादेश में एसेंबल करने वाले प्लांट हैं.भारत की महत्वपूर्ण टेलीकॉम कंपनी एयरटेल का बांग्लादेश की टेलीकॉम कंपनी रॉबी एक्सीआटा में 28 फ़ीसदी का निवेश है.दिल्ली स्थित अर्थशास्त्री प्रबीर डे कहते हैं, च्च्इस समय हर देश को इंडस्ट्री चाहिए और इससे निवेश करने वाले और उस देश दोनों को फायदा होता है, भारत के साथ-साथ चीन का भी बांग्लादेश में निवेश है. लेकिन भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता काफ़ी ज़्यादा है. रोज़मर्रा की ज़रूरतों का सामान भी वहां भारत से जा रहा है. ऐसे में भारत से व्यापार और निवेश हालात के पटरी पर लौटने से ठीक हो जाएंगे.बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बीच सबसे बड़ा संकट वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों पर मंडरा रहा है. देश की 90 फ़ीसदी आबादी मुसलमान है.जब से शेख़ हसीना ने देश छोड़ा है तब से ही सोशल मीडिया पर कई रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि अल्पसंख्यक हिंदुओं की संपत्ति और मंदिरों पर हमले हो रहे हैं.

वहां के हालात पर भारत विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बयान जारी किया और कहा कि सबसे ज़्यादा चिंता की बात यह है कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई जगहों पर हमले हुए हैं. ये हमले किस स्तर पर हो रहे हैं और इनका पूरा दायरा अभी भी स्पष्ट नहीं है.भारत बांग्लादेश के साथ 4 हज़ार किलोमीटर से ज़्यादा की सीमा शेयर करता है.प्रबीर डे कहते हैं कि एक बड़ी चुनौती भारत के सामने ये है कि बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों की संख्या बढ़ सकती है. वे कहते हैं कि बांग्लादेश के साथ व्यापार को लेकर भारत को ख़तरा नहीं है क्योंकि वो हालात बदलते ही बदल जाएगा लेकिन शरणार्थियों का दबाव भारत के लिए चिंता का विषय होगा.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 228 : गुरु वशिष्ठ ने योग बल से वनवास के वस्त्र धारण किए हुए श्री राम की छवि देखी

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

गुरु वशिष्ठ ने कोई उत्तर नहीं दिया और वे ध्यानमग्न हो गए। सुमंत जी वहां से पुनः रानी कैकेई के निज भवन की ओर चल पड़े।

गुरु वशिष्ठ सिद्ध योगी हैं। वे भविष्य की घटनाओं को भी अपने योगबल से देख सकते हैं।

उन्होंने अपनी बंद आंखों से सामने की ओर भीतर ही भीतर आंखों की पुतलियां घुमाईं।

''यह क्या? अपने कक्ष में महाराज दशरथ निराश और कातर दृष्टि से रानी कैकेई की ओर देख रहे हैं। महाराज दशरथ का स्वास्थ्य भी अनुकूल नहीं जान पड़ रहा है। कैकेई की मुख मुद्रा में कठोरता है।...... ऋषि ने अपनी दृष्टि और एकाग्र की। कुछ दृश्य एक के बाद एक उनकी आंखों के सामने उभरते गए।....राम वल्कल धारण किए हुए? उनके हाथों में धनुष और बाण? क्या अभिषेक वाले दिन ही..? तो क्या रानी कैकेई किसी भी दृष्टि से नहीं मानेंगीं और राम को वन की ओर प्रस्थान करना होगा? क्या इसे किसी कारणवश रोका नहीं जा सकता है?''.... कुछ और दृश्य उभरने लगे, लेकिन गुरु वशिष्ठ ने कहा....नहीं-नहीं अब मुझे इन दृश्यों से बाहर वर्तमान में आना होगा। उनकी बंद आंखें अब खुलीं।वे स्तब्ध हैं। जब व्यक्ति किसी भी घटना में प्रभावी होने के बाद भी हस्तक्षेप करने की स्थिति नहीं रखता तो वह इसी तरह से विवश हो जाता है, जैसा गुरु वशिष्ठ हो गए हैं। वशिष्ठ जी अयोध्या राज परिवार के गुरु हैं। अगर वे आदेश देंगे तो कैकेई भी उन्हें मान सकती हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है, इसलिए गुरु वशिष्ठ भी निराश हो गए हैं।

मंत्री सुमंत जी ने पुनः उस कक्ष में प्रवेश किया, जहां राजा दशरथ, रानी कैकेई और राजकुमार राम अयोध्या के भविष्य का निर्णय करने वाली प्रक्रिया में किसी न किसी रूप में अपना योगदान कर रहे हैं।

(संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में श्री राम की प्रेरक कथा लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसके कथा प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

इतिहास के पन्नों से

नागपुर रेल्वे स्टेशन की जमीन मात्र 1रु में दी थी खैरागढ़ के राजा ने...

नागपुर का रेल्वे स्टेशन का हेरिटेज स्टेशनों में शुमार है, अंतराष्ट्रीय स्तर पर बनाने की कवायद चल रही है। पर बहुत ही कम लोगों को पता है कि 99 साल पूर्व छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ के राजा ने मात्र 1रूपये में इस स्टेशन की जमीन को तब गवर्नर सर फ्रेंक को दी थी, यह बात 1925 की है। नागपुर रेलवे स्टेशन अपनी स्थापना के लगभग 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है, विकास की सीढियां चढ़ता स्टेशन अब हेरिटेज स्टेशनों में शुमार है। स्टेशन बनाने 1925 में खैरागढ़ राजा ने ब्रिटिश सरकार को 1 रुपए में जमीन दी थी, वर्तमान में इस स्टेशन का क्षेत्रफल 44 एकड़ है। उस समय छत्तीसगढ़ भी सीपी एंड बरार के अधीन था,इसलिये हो सकता है कि तब के राजा वीरेंद्र बहादुर सिँह ने 1रू के टोकन में ही यह जमीन ऐसे ही दान स्वरुप दे दी हो क्योंकि 1925 में इतनी बड़ी जमीन 1रू में तो नहीं बेची जाती थी। खैर इसकी कीमत आज करोड़ों में है। नागपुर स्टेशन की स्थापना 15 जनवरी 1925 को तब के गवर्नर सर फ्रेंक ने की थी, मध्य रेलवे नागपुर मंडल के इस स्टेशन की इमारत सावनेर से लाये बलुआ पत्थर से बनाई गई थी। नागपुर रेलवे स्टेशन महाराष्ट्र के सबसे पुराने और व्यस्ततम स्टेशनों में से एक है।रेलवे ने 1867 में नाग पुर में शुरुआत की,जब बॉम्बे-भुसावल-नागपुर लाइन के एक हिस्से को यातायात के लिए खोला था,1881 में छत्तीसगढ़ के नागपुर राज्य रेलवे के माध्यम से कोलकाता से जुड़ा था, मौजूदा भवन का शिलान्यास 1906 में किया गया था, पर इसका आधिकारिक उद्घाटन 15 जनवरी 1925 को तब के गवर्नर सर फ्रैंक स्ली ने किया था ।1924 से पहले, मूल रेलवे स्टेशन शुक्रवारी झील के पास अपने वर्तमान स्थल के पूर्व की ओर स्थित था। वर्तमान रेलवे स्टेशन को भी आजादी पूर्व के दिनों में स्थापित किया गया था।

रेल पटरियों का चौराहा

भारत के नागपुर में मौजूद खास डायमंड क्रॉसिंग पर चारों दिशाओं से रेल आती हैं। नागपुर के संप्रीति नगर स्थित मोहन नगर में यह डायमंड क्रासिंग मौजूद है। डायमंड क्रॉसिंग एक ऐसी जगह होती है जहां चारों दिशाओं से रेलवे ट्रेक्स एक दूसरे को क्रॉस करते हैं, बिलकुल चौराहे की तरह एक दूसरे को क्रॉस करते हैं। अनोखी क्रॉसिंग को रेल पटरियों का चौराहा भी कह सकते हैं। देखने में बिलकुल डायमंड की तरह लगती है। इसलिए डायमंड क्रॉसिंग कहते हैं। यहां चारों तरफ से रेलवे ट्रैक्स के अलग-अलग ट्रेनों के रास्ते तय हैं।

पूर्व दिशा में गोंदिया से आने वाला ट्रैक हावड़ा-राउरकेला-रायपुर लाइन है। एक ट्रैक यहां दक्षिण इंडिया से आता है, एक ट्रैक दिल्ली से, जो कि उत्तर दिशा से आ रहा है। इसी जगह पश्चिम मुंबई से भी एक ट्रैक आकर मिलता है। इस तरह एक ही स्थान पर चार ओर से आ रहे ट्रैक्स मिलते हैं और डायमंड क्रॉसिंग का निर्माण करते हैं। नागपुर रेल्वे स्टेशन भारत के चुनिंदा स्टेशनों में एक है। इमारत की वैभव एवं विशिष्ट शिल्पकारी को बनाए रखने के लिए एलईडी आधारित प्रकाश योजना कार्यान्वित की गई है। तेजी से विकास के बाद आज स्टेशन से 92 मेल एक्सप्रेस 200 मालगाडियां रोज गुजरती हैं। वर्तमान में नागपुर रेलवे स्टेशन पर 8 प्लेटफार्म बने हुए हैं। जहाँ चारों दिशाओं आने-जाने वाली गाडियां रुकती हैं। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से 1940 तक केवल 10 गाड़ियां ही गुजरती थीं। जैसे-जैसे समय गुजरता गया, वैसे-वैसे गाड़ियों की संख्या बढ़ती गई। 1965 में 40 से ज्यादा गाडियां इस स्टेशन से होकर दौड़ने लगी, जिसमें न्यू दिल्ली-चेन्नई, जीटी एक्सप्रेस का सामावेश था। 1980 के बाद से गाड़ियों की एचबीओ संख्या स्टेशन पर हो रहे विकास व यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण तेजी से बढ़ाया गया। वर्तमान स्थिति में 100 से ज्यादा गाड़ियां स्टेशन से रोज विभिन्न दिशाओं की ओर चलती हैं।

सामयिक चर्चा

अब कांग्रेसी कटाक्ष करेंगे

खबर पढ़कर,
अपने आप हंसकर,
बानी बोले – ''गजाधर!
चुनाव जीतने के लिए कांग्रेसी
हाथ में गंगाजल लेकर
शराब बंदी की बात करने वाली बातें
फिर चुनाव जीतने के बाद
वे सरकार बनकर
सरकारी दुकानों में शराब बेचने वाले
तो ऐसे 'वालों' का भाजपाई
बहुत कोसते रहे हैं।
तरह–तरह से व्यंग्य कसते रहे हैं।
और जब कांग्रेस को कोसने वाले
भाजपाईयों की बन गई सरकार।
तो उन्होंने भी शराब बन्दी नहीं की
बल्कि अब तो छत्तीसगढ़ की
सरकारी शराब दुकानों में
सभी विदेशी ब्रांड की शराब मिलेगी।
गजाधर! इस पर आपकी प्रतिक्रिया रहेगी?
गजाधर मुस्कराए बोले– ''बानी!
इससे अब भाजपाई सरकार को
पहले से अधिक मुद्रा मिलेगी।
शराबियों की मुख–मुद्रा खिलेगी।
और पहले जैसे भाजपाई करते थे
वैसई अब कांग्रेस पार्टी
भाजपा सरकार पर कटाक्ष करेगी।
ऐसई राजनीति चलती रहेगी।''

गिरीश बख्शी

कविता

//आदिदेव महादेव//

जटा विराज गंगधार शीश चंद्र सोहते।
निहारते स्वरूप तेज तीन लोक मोहते।।
विराजमान कंठ नाग है त्रिशूल हाथ में।
जहाँ-जहाँ चले शिवा सदैव बैल साथ में।।
लपेट बाघ छाल अंग भस्म देह साजते।
बढ़े महेश पाँव व्योम ताल ढोल बाजते।।
निमग्न भूतनाथ ध्यान बैठ मुक्ति धाम में।
शिवा धरा समीर अग्नि नीर आसमान में।।
शिवा प्रसन्न होय बेलपत्र दूध नीर से।
प्रसून भांग घी दही गुलाल औ अबीर से।।
नमः शिवाय जाप आठ याम सोमवार को।
करे पुकार दर्श देवता लगे कतार को।।
खुले त्रिनेत्र क्रोध ताप विश्व धूम्र सा जले।
कृपा करे महेश तो मनुष्य मोद में पले।।
करे प्रणाम भक्त नीलकंठ के स्वरूप को।
कृपालु तेजपुंज आदिदेवता अनूप को।।

प्रिया देवांगन
''प्रियू''
राजिम जिला
– गरियाबंद
छत्तीसगढ़

कविता

मौत का इंतजाम

इंसान खुद अपने मौत का इंतजाम कर रहा है
आसमान धुएं से और जमीन कूड़े से भर रहा है
घोल कर जहर पानी में उसे साफ करता है,
कफन बैच कर मौत का इंतजार कर रहा है
मशीनों की आदत हमारी लाचारी बन रही है
ना जाने कितने किस्म की बीमारी बन रही है
फसलों सब्जियों में सिर्फ कीटनाशक है
ये जहर सभी मानव सभ्यता के विनाशक है
प्लास्टिक झिल्लियों से धरती पट गई है
नाले नदियों में सिर्फ कचरे ही बह रही है
ये चेतावनी है, अभी कुदरत का कहर बाकी है
पानी मिट्टी बिक चुके है बस हवा बाकी है
लालच पर लगाम कर्मो की भरपाई कर दे
इंसान अभी तेरे विनाश का सबब बाकी है
फिर से धरा को उसकी विरासत लौटाना है
हमारे बाद हमारे पीढ़ी की करवट बाकी है

जसवंत मंडावी
व्याख्याता

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज अपने कॉन्टैक्ट्स के जरीये आपको बिजनेस संबंधी अच्छी जानकारियां मिलेंगी। मार्केटिंग संबंधी काम स्थगित रखें।

वृषभ आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। घर परिवार में चल रहे लड़ाई झगड़े को आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना आने दें। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। आज आपके काम करने की क्षमता में बेहतरीन बदलाव होगा। अपने व्यवहार से लोगों के बीच तालमेल बनाकर रखेंगे।

मिथुन आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी खास काम को लेकर कोशिश कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। किसी खास इंसान की मदद से आपकी हिम्मत और हौसला बढ़ेगा।

कर्क आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है,आप उन्हें समझनें की कोशिश करें। आज परिवारिक गतिविधियों में ही व्यस्तता रहेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर करने की कोशिश सफल रहेगी।

सिंह आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। आज आपके रूटीन में कुछ बदलाव होगा। आज आप जोखिम लेने में पीछे नहीं हटेंगे। ऐसा करने से आपको फायदा भी मिल सकता है।

कन्या आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आज समय अनुकूल है, लेकिन मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल करने के लिए कर्म प्रधान होना पड़ेगा। आज प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने की योजना बनाई है तो वो पूरी हो सकती है।

तुला आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आज दोस्तों के साथ मेल मुलाकात होगी। कोई असंभव काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे।

वृश्चिक आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ों से कोई नई सलाह मिलेगी। आज घर के बड़े लोगों के मार्गदर्शन में पिछले कुछ समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। नया व्हीकल खरीदने की योजना बना रहे हैं।

धनु आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। आज आपकी रूटीन में कुछ बदलाव होंगे। आप धर्म, योगाभ्यास जैसे कामों में व्यस्त रहेंगे।

मकर आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

कुंभ आजका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गो के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

मीन आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

‘माँ के नाम एक पेड़’ के साथ-साथ आने वाले बच्चों के लिए भी पौधे लगाएं और उसे सहेजे

डूमरडीकला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर व सीईओ पौधरोपण कर कहा - पौधे लगाकर उसे पेड़ बनाएं, यह हम सबकी जिम्मेदारी है

ठेलकाडीह (दावा)। एक पेड़ माँ के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है। इसका उद्देश्य माँ के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत अपनी माॅ के नाम पर एक पेड़ लगाते है। जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है बल्कि माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का सुंदर तरीका है।

इसी अभियान के तहत राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत डूमरडीहकला में एक पेड़ माॅ के नाम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू, सरपंच दिनेश ठाकुर, जिला खनिज अधिकारी सहित क्रेशर संघ के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पेड़ो के बिना जल की कल्पना नहीं कर सकते है। पेड़ बादल को आकर्षित कर जल बरसाने में अहम भूमिका निभाते है। इसलिए एक पेड़ माँ के नाम के साथ-साथ आने वाले बच्चों के लिए भी एक पौधा जरूर लगाये और उसे सहेज कर पेड़ बनाएं। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि डायरिया इस जमाने में हो रही है इसका जिम्मेदार हम स्वंय है। जलस्त्रोतों के आसपास सफाई रखे। गली मोहल्लें साफ-सफाई में गांव के हरेक लोगों की भूमिका होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जल के लिए पौधरोपण अतिआवश्यक है। पंचायत परिसर में पौधरोपण कर लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधरोपण कर उसे पेड़ बनाएं। इस दौरान रजरू यादव उपसरपंच, रोशनी यादव पंच, जया यादव, संतोष वर्मा, रमना यादव, योगिता लहरे, अशोक साहू, तीजन बाई वर्मा, ग्राम पटेल हरिशंकर पाल सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण करते हुए कहा कि माँ के नाम पर एक पेड़ लगाइयें इसके अलावा आने बच्चों के नाम पर भी एक पौधा जरूर लगाये। क्योंकि हम जीवन में सबसे ज्यादा अपने बच्चों से प्यार करते है। इसलिए बच्चों के नाम पर भी पौधा लगाकर उसे हम उसे बच्चों की तरह प्यार कर उनकी देखभाल कर पेड़ बनाएं।

डूमरडीह्कला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जल सरंक्षण के प्रति काफी एक्टिव रहने वाले जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने उपस्थित दीदीयों से कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ जल सरंक्षण पर भी ध्यान देना होगा। क्योंकि जल भी हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नही कर सकते है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू ने कहा कि जीवन के लिए पेड़-पौधे जरूरी है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में दो पौधे अवश्य लगाएं ताकि हम पर्यावरण सरंक्षण में अपनी सहभगिता निभा सकें। यदि हम दो पौधे लागाकर उसकी देखभाल कर पेड़ बनाएंये तो भविष्य सुरक्षित रहेगा।

एक पेड़ माँ के नाम के तहत कार्यक्रम के दौरान डूमरडीह्कला के सरपंच दिनेश ठाकुर ने उपस्थित लोगों से कहा कि एक पेंड़ लगाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हरेक व्यक्ति को एक पौधा लगाना चाहिए। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है।

अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ शहर में निकाली रैली

डोंगरगांव (दावा)। नगर में राष्ट्रीय ध्वज के संवर्धन, राष्ट्रीय भावना को विकसित करने के उद्देश्य से एसडीएम श्रीकान्त कोर्राम के अगुवाई में स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया. 9 अगस्त से प्रारंभ किया गया यह अभियान 13 अगस्त तक पूरे अनुभाग में जारी रहेगा, जिसमें पूरे क्षेत्रवासियों को प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति देशभक्ति की भावना जगाने प्रयास किया जा रहा है।

नगर में यह यात्रा विश्राम गृह से प्रारंभ हुआ जो कि बाजार एरिया, सदर लाईन, फव्वारा चौक से मेनरोड होते हुए पुराने बस स्टैण्ड के बाद वापस रेस्टहाउस में विसर्जित हुई। इस यात्रा में प्रमुख तौर पर तहसीलदार पी.एल.नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, नगर निरीक्षक उपेन्द्र शाह के अलावा एसीईओ होरीलाल साहू, बीईओ आर.एल.पात्रे, सी.एम.ओ डी.एस.पाल, विष्णु शर्मा सहित डोंगरगांव नगर पंचायत, जनपद पंचायत, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण शामिल हुए।

पहला कॉलम...

कांग्रेसियों ने डोंगरगांव एसडीएम दिया ज्ञापन

डोंगरगांव (दावा)। शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, शहर कांग्रेस डोंगरगांव के जोन अध्यक्ष अखिलेश नखत, पूर्व नपं उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बोरकर, महेन्द्र वैष्णव, सद्दाम खत्री, प्रियंक जैन सहित अन्य कांग्रेसियों ने आमजनों की समस्याओं को अवगत कराने एसडीएम कार्यालय पहुंचे और शीघ्र निराकरण के लिए डोंगरगांव एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों की पदस्थापना, अस्पताल में पेयजल, शहर के सड़कों का जीर्णोद्धार, जल आवर्धन योजना प्रारंभ करने, सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना, बीटीआई में बीएड कोर्स प्रारंभ करने, मुख्य मार्ग चौड़ीकरण को जल्द पूर्ण कराने जैसी मांगें रखी गई हैं।

कल गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी

डोंगरगांव (दावा)। गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी कल रविवार 11 अगस्त को स्थानीय गायत्री मंदिर में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। उक्त गोष्ठी में वन्दनीया माता भगवतीदेवी शर्मा के जन्म शताब्दी विजन 2026 के कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया जाएगा। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने बताया कि गोष्ठी में इसके अलावा हेतु संस्कार शाला खोलने, वृक्षारोपण, युवा मंडल, महिला मण्डल व अन्य मंडलों के गठन व पुनर्गठन, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रचनात्मक आंदोलन के प्रभारी नियुक्त करने, अखण्ड ज्योति रथयात्रा, ग्रामतीर्थ ग्राम प्रवज्या कार्यक्रम की रुपरेखा, 5 या 9 कुण्डीय यज्ञ आयोजन पर विचार, यूथ सुपर 100 सहित अन्य विश्व पर चर्चा करने में लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने गायत्री परिवार के जिले भर के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से गोष्ठी में आधिकारिक उपस्थिति के लिए कहा है।

सड़क चिरचारी में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत सडक चिरचारी आयुर्वेद ग्राम में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का उद्घाटन जिला सहकारी केन्द्रीय बैक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सरपंच प्रतिनिधी ग्राम पंचायत सडक चिरचारी मनीष जैन के द्वारा किया गया।

इस शिविर में वातरोग, चर्मरोग, उदर रोग, शुगर, बीपी आदि रोगों की निःशुल्क जांच कर आयुर्वेदिक औषधि का वितरण किया गया। इस शिविर मे विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा परामर्श और ईलाज भी किया गया। इस शिविर का आयोजन संचालनालय प्रायोजक आयुष रायपुर छत्तीसगढ के द्वारा किया जा रहा है। डॉ. शिल्पा पांडे शिविर प्रभारी डॉ. हेमलता वर्मा के साथ सहयोगी भारत चंद्रवंशी, नितेश सहारे योग शिक्षक के साथ सतिश सलामे के द्वारा किया गया।

आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए 27 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए 27 अगस्त 2024 तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव में स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक क्लस्टर में आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

भर्रेगांव स्कूल में मेगा पालक : शिक्षक सम्मेलन का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेजेस हाई स्कूल भर्रेगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय में बच्चों के शारिरिक मानसिक व सर्वागीण विकास के लिए स्कूल व पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने, बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराने हेतु संकुल भर्रेगांव में मेगा पालक शिक्षक बैठक हुई।

बैठक में संकुल के विभिन्न शालाओं के संस्था प्रमुख द्वारा मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी, आय जाति निवास प्रमाण पत्र व न्योता भोज, छात्रवृत्ति योजना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में शामिल हुए पालकों ने भी अपने विचार प्रकट किए।इस मौके पर प्रतिभावान बच्चों व उनके पालकों का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अमित साहू, सहायक संचालक (हाथ करघा विभाग) ग्राम के उपसरपंच रोहित चंद्राकर, सेवा निवृत शिक्षाविद विष्णु केशरिया, जे आर साहू तथा आर डी साहू साथ ही संकुल प्राचार्य एस.विजयन कार्यक्रम को संबोधित किये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नूतन लाल साहू द्वारा किया गया। उक्त बैठक में संकुल के शालाओं के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, पालकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट संकुल समन्वयक भूपेश साहू द्वारा किया गया।

आरी कोनारी से तुमड़ीबोड तक का रोड हाल-बेहाल

समय सीमा में नहीं बनवाने पर आसपास के ग्रामीण चक्काजाम की तैयारी में



डोंगरगांव (दावा)। आरी कोनारी से तुमड़ीबोड तक का रोड हाल-बेहाल हो गया हैं। दीवानभड़ी सरपंच के द्वारा पी.डब्लू.डी के अधिकारी चौहान जी को बार-बार मोबाइल के माध्यम से प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने जनप्रतिनिधि का फोन रिसिब करना उचित नही समझा और न कॉल बैक किया गया। आरी कोनारी से तुमड़ीबोड की रोड को देखने मे ये समझ नही आता कि-सड़क में गड्ढा है कि गड्ढा में सड़क है। इन गड्ढों के कारण आये दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, घायल हो रहे हैं, कई राहगीर की जान जा रही है। जिसका जिम्मेदार पी.डब्लू.डी. विभाग होगा। इस रोड में प्रतिदिन दुघर्टना हो रही है। विधायक प्रतिनिधि लीलम गोस्वामी ने बताया गया कि आस-पास के ग्रामीण सड़क की व्यवस्था सुधार करने के लिए लामबंद हो रहे हैं और सड़क में चक्काजाम की तैयारी कर रहे हैं। सरपंच सुमित्रा गोस्वामी, पलटू राम निषाद, फग्वाराम निषाद, टीकमलाल साहू, लखन लाल साहू, लतेल पटेल, खेदूराम साहू, रामविलास साहू ने सड़क की दुर्दशा पर जिला प्रशासन से समय रहते सुधरवाने की मांग किया है।

खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिला भाजपा की बैठक सम्पन्न

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कार्यक्रम की तैयारी की चर्चा किया

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा के निर्देश पर भाजपा खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की कार्यकारणी की बैठक जिला मुख्यालय खैरागढ़ के भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक कोमल जंघेल के मुख्य आतिथ्य में और तीरथ चंदेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ बैठक में प्रमुख रूप से 11 से 13 तारीख तक तिरंगा यात्रा, 14 को विभीषिका दिवस, ‘एक पेड़ माँ के नाम’ पर अभियान को सफल बनाने यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक मे जिला महामंत्री रामाधार रजक ने पूरे कार्यक्रम का प्रस्तावना एवं बैठक का उद्देश्य को बताया। बैठक में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अपने सम्बोधन मे कहा की भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो सिर्फ राजनीति नहीं करती बल्कि राष्ट्र हित मे राष्ट्रीयता की भाव को लेकर देश हित मे भी अनेक कार्य करती है। इसी भाव को लेकर तिरंगा यात्रा ‘घर घर तिरंगा’, ‘वीर वीरांगना महापुरुषों की मूर्ति प्रतिमाओं की साफ सफाई अभियान’, ‘एक पेड़ माँ के नाम’ जैसे अनेक अभियान भाजपा ने प्रारम्भ की है, उन्होंने प्रत्येक मंडल मे बैठक लेकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने मंडल स्तर पर बैठक लेकर योजना बनाने कहा, जिला भाजपा युवा मोर्चा का बैठक जल्द कर पुरे जिले में तिरंगा यात्रा को बूथ स्तर तक करने की योजना बनाने पर चर्चा कि। तीरथ चंदेल जिला उपाध्यक्ष ने 14 अगस्त को विभीषिका दिवस जिला मुख्यालय खैरागढ़ मे अच्छे ढंग से कार्यक्रम करने की रूपरेखा पर चर्चा किया।

जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नवनीत जैन ने भी पुरे कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार रखा, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जीवन दास रात्रे ने भी बातचीत कि। भाजपा जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने सरल ऐप, नमो एप्प एवं कार्यक्रम को सोशल मीडिया एवं मीडिया मे विस्तारित एवं प्रचारित करने के विषय पर सबोधित किया। आभार विकेश गुप्ता और संचालन भाजपा मंत्री ज्ञानदास बंजारे ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जीवन देवांगन, जिला मंत्री शशांक ताम्रकार, आंनद सिन्हा, आंनद पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, मंडल अध्यक्षगण केसो वर्मा, विनय देवांगन, राजेश मेहता, परासर ठाकरे, नरोत्तम सिन्हा, नगर पालिका सभापति रेखा गुप्ता त्रिवेणी देवांगन, ललित सोनी, भावेश कोचर, पन्ना मण्डवी, अनुज देवांगन, अनिल अग्रवाल, दिनु सिन्हा, देवकुमार सेन, शायमपाल ताम्रकार, संतोष ठाकुर, राकेश ठाकुर, मिनेश जंघेल, आलोक श्रीवास, पार्षद अजय जैन, संतन साहू, किसन सिलोटिया, तिलेश्वर साहू, जय प्रकाश साहू, विनय चोपडा, गणेश वर्मा, गीता टांडेकर, रूपेंद्र रजक, वंदना टांडेकर देविंन कोठले, संतोष करश, फिरंन वर्मा, नरेंद्र श्रीवास, सहित सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

युवाओं ने नागलदाह में किया पौधरोपण

ठेलकाडीह (दावा)। दुनिया भर में ग्लोबल वार्मिंग का खतरा मंडरा रहा है। इसकी वजह साफ है कि लोग पर्यावरण की रक्षा नहीं कर रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा नहीं करना आने वाले भविष्य के लिए संकट का कारण बन सकता है। ऐसे में चाहिए कि लोग पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएं। इसी इसी क्रम में ग्राम नागलदाह के युवाओं ने पौधारोपण कर उसे सहेजने का संकल्प लिया। युवाओं का कहना है कि धरती की रक्षा के लिए पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। इसकी शुरुआत पौधारोपण कर करेंगे। सभी लोगों को चाहिए कि अधिक से अधिक पौधरोपण करें। इस दौरान ग्राम के युवा नितिन चोपड़ा, पंकज सेन, दीपेश साहू, रोहित साहू डोमन साहू भूपेंद्र वर्मा, नितेश यादव, सोमेंद्र साहू, हेमलु साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिक्षा प्रणाली में होगा क्रांतिकारी बदलाव

खैरागढ़ (दावा)। स्वामी आत्मानंद (पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी) शासकीय स्कूल में संकुलस्तरीय मेगा पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आने जा रहा है। पालकों के साथ शिक्षकों के संवाद का यह अवसर उसी से जुड़ा कदम है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यवहारिक और समवेशी बनाया जा रहा है। भेड़चाल से हटकर प्रत्येक छात्र की क्षमताओं को पहचान कर उन्हें दिशा प्रदान करना भी शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण अंग है। शिक्षा का उद्देश्य मात्र धनार्जन न होकर एक संपूर्ण नागरिक राष्ट्र को प्रदान करना है। जिसमें शिक्षकों के साथ पालकों की भी भूमिका बढ़ जाती है। इसे समझने के उद्देश्य से ही आज का सम्मेलन आयोजित किया गया है।

शासन ने निर्धारित किए सर्वांगीण विकास के बिंदु

सम्मेलन में नोडल अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि शासन ने छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर बिंदु निर्धारित किए हैं। और धीरे-धीरे एक एक बिंदु को मीनी स्तर पर क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। पूर्व में न्योता भोज का कार्यक्रम भी उसी का अंग है। एसडीएम साहू ने कहा कि मेगा पालक सम्मेलन के माध्यम से अभिभावकों से संवाद स्थापित कर छात्रों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

दबाव रहित शिक्षा की ओर बढ़े आगे

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बीएमओ डॉ.विवेक बिसेन ने विचार रखते हुए कहा कि अभिभावकों को इस बात का ध्यान रखना होगा। कि छात्रों के लिए शिक्षा मानसिक दबाव का कारण न बने इसके लिए आवश्यक है कि विषयों का चयन उनकी मानसिक क्षमताओं को ध्यान में रखकर किया जाए। डॉ.बिसेन ने कहा कि हमें दबाव रहित शिक्षा की ओर आगे जाना है।। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

सेवानिवृत्त शिक्षक विनय शरण सिंह, सेजेस बालक शाला के विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह छोटू (डॉ.पदुमलाल पन्नालाल बक्शी शाला), सेजेस कन्या शाला के अध्यक्ष आलोक श्रीवास, पार्षद राजेश देवांगन, सेजेस के सदस्य संजय शर्मा, संदीप दास वैष्णव, संस्था के प्राचार्य रोशनलाल वर्मा सहित शिक्षक अनुराग सिंह, आशीष मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, प्रयाग सिंह, किरण सिंह, पदमा साहू, प्रेरणा सिंह, निखिल सिंह, सुनील गुनी व अन्य मौजूद रहे।

आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक, एक दूसरे को मिलकर कार्य करना होगा- छन्नी साहू

छुरिया (दावा)। सम्पूर्ण विश्व मे विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन 9 अगस्त को किया जाता है, इसी क्रम में ग्राम गेरुघाट तथा मानपुर में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आदिवासी समाज विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू सम्मिलित हुई, गेरुघाट में उन्होंने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मानपुर में आयोजित जिला स्तरीय आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से प्रकृति प्रेमी व संरक्षक भी भूमिका में रहा है, यह समाज अपनी संस्कृति व परम्परा के कारण औरों से भिन्न है, समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षित व सांस्कृतिक करने की आवश्यकता है, जिससे हमारा समाज आगे अग्रसित हो सकें, समाज के प्रमुखों को समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की बड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी, जिससे समाज शिक्षित व जागरूक हो सके। सभी समाज को एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा जिससे सभी समाज सामाजिक रूप से संगठित व सहयोगी हो सकें, उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, छोटेलाल कटेगा, भोजेश शाह व अन्य अतिथियों तथा समस्त सामाजिक जन रैली में सम्मिलित होकर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

समापन समारोह में मनु के साथ पीआर श्रीजेश होंगे ध्वजवाहक, 11 अगस्त को है कार्यक्रम

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में मनु भाकर के साथ भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश भारत के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईओए ने अपने बयान में कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को नियुक्त करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ को खुशी हो रही है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व के भीतर एक भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। मौजूदा खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। भारत ने गुरुवार को स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता और इसके साथ ही श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कह दिया। श्रीजेश लंबे समय से भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य रहे हैं। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में भी शानदार प्रदर्शन किया और विरोधी टीम के सामने दीवार बनकर खड़े रहे। स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में भी श्रीजेश ने अंतिम क्वार्टर में शानदार बचाव किए थे और उन्हें बढ़त लेने से रोका था। इस तरह टीम ने श्रीजेश को जीत के साथ विदाई दी।

संन्यास के फैसले पर क्या बोले श्रीजेश?

शुक्रवार को श्रीजेश के संन्यास के बाद फैंस लगातार उनसे वापसी की मांग कर रहे थे। इसको लेकर उन्होंने कहा, यह विदा लेने का सही समय है। मुझे लगता है कि ओलंपिक खेलों से विदा लेने का यह सही तरीका है, एक पदक के साथ। हम खाली हाथ घर नहीं जा रहे जो बड़ी बात है। मैं लोगों की भावनाओं का सम्मान करता हूं लेकिन कुछ फैसले कठिन होते हैं। सही समय पर फैसला लेने से हालात खूबसूरत हो जाते हैं। इसलिए मेरा फैसला नहीं बदलेगा। टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और इस मैच को इतना यादगार बना दिया। टोक्यो में मिले पदक की मेरे दिल में खास जगह है। इससे हमें आत्मविश्वास मिला कि हम ओलंपिक में पदक जीत सकते हैं।

खेल पंचाट में विनेश फोगाट की अपील पर सुनवाई पूरी, कल तक आ सकता है फैसला

नई दिल्ली। महिला पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर खेल पंचाट (सीएएस) में सुनवाई पूरी हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबकि उनकी अपील पर फैसला शुक्रवार या शनिवार तक आ सकता है।

विनेश को महिला 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्य घोषित किया गया था जिस कारण वह पदक जीतने से चूक गई थीं। विनेश ने खेल पंचाट के सामने दो अपील की थी। पहली यह कि उन्हें स्वर्ण पदक मैच में खेलने का मौका दिया जाएगा। दूसरा यह कि उन्हें संयुक्त रूप से रजत पदक मिले। पहली अपील को खेल पंचाट ने खारिज कर दिया था और कहा था कि हम फाइनल को नहीं रोक सकते।

अर्बन बैंक चुनाव के सभी प्रत्याशियों का मजदूर कांग्रेस द्वारा सम्मान

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस नागपूर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों का एवं जो सदस्य पराजित हुए इन सभी सदस्यों का स्वागत समारोह का आयोजन मंगल मंडप सभागार कडबी चौक में किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण जी उपस्थित थे।सभी अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों का मा.दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण जी द्वारा सभी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

अपने उद्बोधन में मंडल समन्वयक इंदल दमाहे ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री ने सभी नवनिर्वाचित अर्बन बॅंक डेलिगेट सदस्यों को शुभकामनाएं दी।मान्यता के चुनाव भी होने वाले हैं उसमें भी सभी को एकजुट होकर मजदूर कांग्रेस को बहुमत दिलाने के लिए सभी को काम करने की बात कही।

मिशन जल रक्षा के तहत जिले में चल रहा वृक्षारोपण महाभियान

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मिशन जल रक्षा कार्यक्रम अंतर्गत जिले में वृक्षारोपण महाभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगर निगम, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, स्कूलों, छात्रावासों, शासकीय कार्यालयों तथा समाजसेवी संस्थानों एवं जनसहयोग से विभिन्न स्थानों पर निरन्तर वृक्षारोपण महाभियान चलाकर पौधों का रोपण किया जा रहा है।

जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 10840, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 9721, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 11366, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 13721, नगर निगम राजनांदगांव अंतर्गत 4321, वनमंडल राजनांदगांव अंतर्गत 154311 पौधों का रोपण किया गया हैं। जिसमें विशेष रूप से जनसहभागिता के रूप में विभिन्न एबीस एक्सपोर्ट, कनक प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, डेकॉस बायो प्रोडक्टस प्राईवेट लिमिटेड, थर्मोकेयर रॉकवुल (आई) प्राईवेट लिमिटेड, नाद नानवूवन प्राईवेट लिमिटेड, पॉलीबाण्ड रॉक फाईबर प्राईवेट लिमिटेड, सनटेक जियो टक्सटाईल्स प्राईवेट लिमिटेड, एलेक्सर कॉर्बो प्राइवेट लिमिटेड, अम्बा भवानी फैब्रिकेशन, क्रस्ट स्टील पावर प्लांट, ग्रैबटेक फैब्रिक्स एलएलपी सांकरा, ग्रैबटेक फैब्रिक्स एलएलपी सांकरा, आरबीआई, गायत्री गुरूकुल स्कूल, हीरा स्टील खैरझिटी, आईबी ग्रुप, जैन उद्योग निगम, जयसवाल निको कंपनी, जया केमिकल इंडस्ट्रीज मोहंदी, कमल साल्वेंट, खेतान कंपनी, यूनिवैब्स स्लीपर्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड डोंगरगढ़, एनजीओ डुमरडीहकला, ओरिएंट कंपनी, पेंड्री नर्सरी, राजा मखीजा, अखिल अदानी, दमन ट्रांसपोर्ट, श्री श्रीमाल, राजाराम जाल फार्म, रेड क्रॉस सोसायटी, रूंगटा स्टील और खाद्य उत्पाद, साई प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, सनातन धर्म राजनांदगांव, उदयाचल सेवा संस्थान, ब्लू बर्ड फाउण्डेशन, हरियाली बहिनी, वेस्लेयन स्कूल राजनांदगांव, जैन उद्योग राजनांदगांव सहित अन्य संस्थानों एवं उद्योगों के सहयोग से वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाया जा रहा है।

रूरल एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट यूथ फाउंडेशन एनजीओ की हुई प्रथम बैठक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के युवा समाज सेवियों द्वारा रूरल एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट यूथ फाउंडेशन (रीड युथ फाउंडेशन) जो की एक गैर सरकारी संस्था है। समाज में बदलाव और नेक कार्य करने के विचार से संस्था का गठन किया गया है। संस्था के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किया जाना है जिसके अंतर्गत रक्तदान पौधारोपण विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण एवं बच्चों के नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में और भी अन्य सेवा कार्य शामिल है। इसी उद्देश्य को लेकर 5 अगस्त को प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आने वाले दिनों में किए जाने वाले समाज सेवा के कार्यों पर चर्चा किया गया। संस्था द्वारा अभी पौधारोपण और डायरिया रोकथाम जागरूकता विषय पर कार्य योजना तैयार किया गया। साथ ही साथ संस्था में पदाधिकारी का भी चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी विनोद कुमार टेम्बुकर उपाध्यक्ष केशव जामुलकर, सचिव दीपक साहू, दीपक कोषमा, तकनीकी प्रभारी योगेश, चंद्रप्रकाश, साहिल, कार्यक्रम प्रबंधक भावेश, तोरण, जितेंद्र, खिलेंद्र, खुशी, लेखा अधिकारी गीतांजलि, स्नेहा, कनिष्का एवं सलाहकार के रूप में योगिता, तनुजा, नंदिनी, निकिता, मुस्कान, दिनेश्वर एवं अन्य सदस्यों को चयन किया गया।

इकरा फाउंडेशन ने पीएम प्राथमिक शाला लालपुर में दिया न्यौता भोजन

खैरागढ़ (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 10 लालपुर के पीएम शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत बच्चों के लिये इकरा फाउंडेशन द्वारा बुधवार 7 अगस्त को न्यौता भोजन का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि नगर में बीते 6 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था इकरा फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक शाला लालपुर में न्योता भोजन देने की जानकारी मिलते ही वहां अध्ययनरत मासूम बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इकरा फाउंडेशन ने बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पूड़ी, पुलाव व सब्जी आदि पौष्टिक आहार खिलाया और इस नेक पहल की जिला शिक्षा अधिकारी लाल द्विवेदी व बीआरसी सुजीत चौहान ने भी प्रशंसा की। इस दौरान मासूम बच्चों के साथ इकरा फाउंडेशन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्कूल के शिक्षकों ने भी न्यौता भोजन किया। इस दौरान इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी ने कहा कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में न्यौता भोजन की वजह से बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और फाउंडेशन के हम सभी लोग यहां बच्चों के बीच आकर बहुत खुशी महसूस कर रहें है। उन्होंने कहा कि हम नगर के अन्य स्कूलों में भी न्यौता भोजन का आयोजन करेंगे, इकरा फाउंडेशन के सचिव मो. याहिया नियाज़ी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी व बीआरसी सुजीत चौहान भी न्यौता भोजन के आयोजन के लिये लोगों को बराबर प्रेरित करते रहते हैं और अब इसका बेहतर प्रतिसाद केसीजी जिले में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभिनव पहल की शुरुवात करने वाले प्रदेश के शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी द्वारा बच्चों के हित में शुरू किये गये नवाचार की नगर सहित गांवों में भी बहुत प्रशंसा हो रही है। लालपुर के पीएम प्राथमिक शाला में आयोजित न्यौता भोजन में इकरा फाउंडेशन के संस्थापक अब्दुल रज्जाक खान, अध्यक्ष खलील कुरैशी, उपाध्यक्ष हाजी रिज़्वान मेमन, कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाजी, वरिष्ठ सदस्य कदीर कुरैशी, जहीन खान, सगीर खान व शबाना बेगम सहित प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका प्रेरणा सिंह, शिक्षिका मधुलिका सिंह, अतिथि शिक्षिका जया मेंद्र, कुलदीप सिंह, सफाईकर्मी सहोदरी जोशी, रसोइया बैनबाती कोसरे व सरिता जोशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

जागरूक अभिभावकगणों ने स्कूल की सफाई व्यवस्था को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगढ़(दावा)। शाला प्रबंधन की घोर लापरवाही एवं सफाई कर्मचारियों की हट धर्मिता के चलते स्वामी आत्मानंद विद्यालय स्थित शौचालय में गंदगी का आलम है। स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावक गनों की माने तो बच्चे अधिकतर यूरिन इन्फेक्शन के कारण बीमार पड़ रहे हैं। जिसे लेकर अभिभावक गनों द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्राचार्य वाय एस राव की शिकायत की गई। ज्ञापन देने बड़ी संख्या में महिलाएं एसडीएम श्री मरकाम के समक्ष उपस्थित हुई और बच्चों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। शिकायत को संज्ञान में लेकर प्राचार्य श्री राव ने विद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नोटिस जारी कर लाफरवाही बरतने के लिए चेतावनी दी गई है।

विधायक सहित वार्ड पार्षदों की निष्क्रियता सामने आई - तहसील कार्यालय के समीप स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं वहा संचालित इग्नाइट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शौच आदि के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल परिसर में लगकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का निवास सहित दो वार्ड भी आते हैं। जिनके पार्षदों को भी बताना शिकायतकर्ताओं ने जरूरी नहीं समझा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्षदगण कितने सक्रिय है या पार्षदगणों पर वार्ड की महिलाओं का कितना विश्वास है। इसी वार्ड में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी निवासरत है। जो वर्तमान में विभिन्न मुद्दों को लेकर सक्रियता के साथ शासन प्रशासन का विरोध कर रहे हैं।

गंदगी के कारण बच्चों का खाना पीना दुर्भर हुआ- अभिभावकगण

स्कूल में स्थित शौचालय की साफ सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने एवम वहां व्याप्त गंदगी को लेकर बच्चों के अभिभावकगणों ने एसडीएम को दिए गए अपने ज्ञापन में कहा है कि, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और साथ में संचालित इगनाईट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्यनरत शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले बच्चों को शौच आदि के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे सुबह से शाम तक स्कूल में रहते हैं। लेकिन घर आकर ही बच्चे घर के शौचालय का उपयोग करते हैं। और पानी पीते हैं। स्कूल का शौचालय बहुत गंदा रहता है। रोज सफाई नहीं होती है। जिसके कारण बच्चो को विशेष कर लड़कियों को बार-बार यूरीन इनफेक्शन हो रहा है और वे बार-बार बीमार पड़ रहे है। इस बात की सूचना स्कूल के प्राचार्य सहित सर मैडम को भी दी गई। मगर सर-मैडम का कहना है कि हमें सफाई कर्मचारी लाकर दो जो सफाई कर्मचारी स्कूल में पदस्थ है वे अच्छे से सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं। संस्था प्रमुख को की गई शिकायत के एक माह बाद भी स्थिति वैसे ही है। उचित सफाई व्यवस्था का निर्देश देने की मांग एसडीएम से शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई। ज्ञापन देने वालों में स्कूली बच्चों के अभिभावकगण समेत अनिता धुर्वे ब्लाक समन्वयक, भारती सिन्हा मितानिन प्रशिक्षक वार्ड नंबर 24, मितानिन संगीता राजपूत, बबीता निषाद, शारदा, नीलम, अनीता रम्हला, सुनंदा, कविता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण महिलाए उपस्थित रही।

विधायक के गृहवार्ड स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का मामला

सफाई व्यवस्था हेतु सीएमओ को निर्देश दिया गया - एसडीएम

एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि आज उन्हें इस संबंध ज्ञापन मिला है। जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ को आदेशित किया गया है की स्कूल में साफ सफाई कराई जाए। निर्देश मिलते ही, सीएमओ द्वारा जानकारी दी गई है कि शौचालय की सफाई कर दी गई है। आगे सफाई व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती जाएगी।

निरंतर शिकायत मिल रही है संस्था के प्राचार्य की - गोपी वर्मा

शिक्षक संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर लंबे समय से शिक्षकों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले वरिष्ठ शिक्षक गोपी वर्मा ने कहा है कि, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य की समय-समय पर शिकायत मिलते रहती है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बच्चो से एडमिशन शुल्क 1 हजार से 15 सौ रूपये लिया जाता है। जबकि शासन के आदेशानुसार अंग्रेजी व हिंदी माध्यम आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 12 वीं तक बच्चों से किसी भी प्रकार का फीस नहीं लेना है। इसके अलावा स्कूल संचालन हेतु हर वर्ष 5 लाख रूपए स्थानीय जिला प्रशासन से प्रदान किया जाता है। डोंगरगढ़ में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छ.ग.शासन द्वारा बच्चों में अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। परन्तु यहीं पर जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाते है उन्हें नियमों को ताक में रखकर यह कहकर टीसी दे दिया जाता है कि, स्कूल का रिजल्ट खराब होगा। प्रभारी प्राचार्य का व्यवहार पालको, विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस विषय पर गंभीरता दिखानी चाहिए।

सफाई कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है - प्राचार्य

अभिभावकगणों द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर की गई शिकायत को संज्ञान में लेकर विद्यालय के प्राचार्य वाय एस राव ने विद्यालय में पदस्थ अंशकालीन सफाई कर्मचारी आशीष साहू एवं श्रीमती टोमिन बाई से कार्य में लापरवाही बरतने हेतु स्पष्टीकरण मांगा है। उन्हें भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इस संस्था के टॉयलेट की साफ-सफाई नहीं हो रही है तथा आपको बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी आपके द्वारा टॉयलेट की सफाई नहीं की जा रही है।

आपका यह कृत्य अक्षम्य है, क्योंकि विद्यालय में गंदगी फैल रही है और बच्चे बीमार पड़ रहे है। अतः क्यों ना आपकी सेवाएं समाप्त करते हुए किसी और को सेवा का मौका दिया जाए। आप अपने कार्य के प्रति रूचि एवं कार्य करने या ना करने की सहमति या असहमति दिनांक 08/08/2024 के शाम 4 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तथा आपको प्रातः 7 से 12 बजे तक विद्यालय में रहने हेतु आदेशित किया जाता है। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

प्रथम पेज का शेष

राज्यसभा-लोकसभा अनिश्चितकाल...

अन्य ने भी निजी सदस्य विधेयक पेश किए। बजट सत्र का एक भी दिन बर्बाद नहीं हुआ- रिजिजू- वहीं संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के स्थगित होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, दोनों सदनों में जो विधेयक पारित हुए उनमें जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक, विनियोग विधेयक 2024, वित्त विधेयक 2024 शामिल हैं। इतने सालों के बाद बजट सत्र का एक भी दिन बर्बाद नहीं हुआ। सांसदों ने दोनों सदनों में बहुत अच्छे से हिस्सा लिया। लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित- लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। संसद का मौजूदा सत्र 12 अगस्त को समाप्त होने वाला था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। वहीं आज ही राज्यसभा की कार्यवाही भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले ओम बिरला ने कहा कि सदन की उत्पादकता 130 प्रतिशत से अधिक रही। इस सत्र के दौरान सदन ने वित्त विधेयक, 2024 और विनियोग विधेयक, 2024 सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए - जो केंद्रीय बजट के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024 और भारतीय विमान विधेयक, 2024 पारित किए गए चार विधेयकों में से थे। सत्र में वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन के लिए एक विधेयक भी पेश किया गया, जिसे बाद में इसके प्रावधानों पर विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच संसद की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया। स्पीकर ने सत्र के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और विभिन्न दलों के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर विपक्ष की चुप्पी 'दुर्भाग्यपूर्ण'- अनुराग ठाकुर- इधर भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति पर उनकी चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद से हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई है, जिससे नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर उनकी सरकार के खिलाफ घातक विरोध प्रदर्शनों के बाद देश में उथल-पुथल मच गई है। लोकसभा के शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर यह आरोप लगाकर हमला करने की कोशिश की कि उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में कुछ नहीं कहा है। उन्होंने कहा, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला था, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी थी, लेकिन साथ ही उन्होंने उनसे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा था। लोकसभा ने भारतीय वायुयान विधेयक को दी मंजूरी- वहीं लोकसभा ने शुक्रवार को 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने और विमानन क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 में अनावश्यकताओं को दूर करने और विमान अधिनियम, 1934 को बदलने का प्रावधान है - जिसे 21 बार संशोधित किया गया है। निचले सदन में विधेयक को पारित करने के लिए पेश करते हुए, नागरिक विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि मंत्रालय हवाई किराए में बढ़ोत्तरी समेत लोगों की शिकायतों को दूर करने और समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर ऑनलाइन तंत्र स्थापित करेगा। शुक्रवार को विपक्ष के वॉकआउट के कारण राज्यसभा की कार्यवाही निर्धारित समय से एक दिन पहले ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की कार्यवाही 12 अगस्त तक प्रस्तावित थी। वहीं दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में कई बार स्थगन के बाद, जब सदन 3.30 बजे फिर से शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के अंदर और बाहर विपक्षी सदस्यों के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। बाद में उन्होंने सदन की कार्यवाही 15.54 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

सुप्रीम कोर्ट ने दी सिसोदिया को ...

अपनी दलील में कहा था कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और संबंधित मामले में सुनवाई धीमी रफ्तार में चल रही है। उन्होंने यह भी दलील दी थी कि मुकदमा उसी गति से चल रहा है, जिस गति से अक्टूबर 2023 में चल रहा था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता श्री सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज दोनों मामलों में जमानत की गुहार लगाई थी। यह मामला विवाद बढ़ने के बाद रद्द हो चुकी दिल्ली अबकारी नीति 2021-22 से संबंधित है। दिल्ली के उपराज्यपाल की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। निचली अदालत, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने श्री सिसोदिया की समीक्षा याचिका और क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने निपटाई गई अपनी याचिका को पुनर्जीवित करने के लिए शीर्ष अदालत में नया आवेदन दिया था। विशेष अदालत ने मार्च में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि वह प्रथम दृष्टया कथित घोटाले के सूत्रधार हैं।

राज्यसभा में धनखड़-जया बच्चन

इस पर जया ने कहा, मैं अपनी शादी और अपने पति की उपलब्धियों पर गर्व करती हूं।÷ चेयरमैन ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अगर किसी को आपत्ति है तो वह नाम बदल सकता है। जया ने भी अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि वह अपने नाम और पति पर गर्व करती हैं। जया और धनखड़ के बीच हुए इस विवाद के बाद सदन में हंगामा मच गया। विपक्षी दलों के सांसदों ने 'दादागिरी नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए सदन से वॉकआउट किया। लोकसभा में पेश किया गया बैंकिंग काननू संशोधन विधेयक- उधर, विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच, लोकसभा में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। यह विधेयक वित्त मंत्री द्वारा 2024-25 के बजट भाषण में की गई घोषणा का हिस्सा है। इसके साथ ही, रेलवे अधिनियम में संशोधन के लिए एक और विधेयक भी पेश किया गया। इस विधेयक के तहत कई महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो बैंकों और उनके संचालन को प्रभावित करेंगे। संसद में शुक्रवार को समुद्री मार्ग से माल ढुलाई के नियमों में बदलाव के लिए बिल ऑफ लेडिंग संशोधन विधेयक 2024 पेश किया गया।

जीएसटी अधिकारी दीपक गिरी ...

इस मामले के बाद मंत्री चौधरी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया है कि वे अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितताओं या भ्रष्टाचार से दूर रहें। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि व्यापारियों और व्यवसायियों को न्यायपूर्ण और सम्मानजनक तरीके से व्यवहार किया जाए और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या दबाव की घटनाओं को तुरंत रोका जाए।

खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी...

मुहम्मद यूनुस की अगुआई में जल्द स्थिति सामान्य होगी- 77 वर्षीय मोशर्रफ हुसैन ने उम्मीद जताई है कि दोनों देश अच्छे द्विपक्षीय संबंध बनाए रखेंगे। बांग्लादेश के लोग उम्मीद करते हैं कि भारतीय सरकार हमेशा अवामी लीग जैसी भ्रष्ट और तानाशाही सरकार का समर्थन नहीं करेगी। अब नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार जल्द ही देश में सामान्य स्थिति और लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगी।

राजनांदगांव सहित पांच जिलों..

मशीनरी के लिए लिया गया है। राज्य में स्थित 102 पंजीयन कार्यालयों में पंजीबद्ध होने वाले दस्तावेजों में कर अवपंचन की रोकथाम और सतत् निगरानी के लिए महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मुख्यालय में विभागीय सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पंजीयन विभाग द्वारा अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेजों का पंजीयन से वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग ने लगभग 2505.98 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस का 16 अगस्त को

राजभवन भेजा था, उस पर हस्ताक्षर करने राजभवन से आग्रह करें। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है फिर आदिवासियों का 32 प्रतिशत एससी का 13 प्रतिशत, ओबीसी का 27 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस का 4 प्रतिशत अधिकार राजभवन में क्यों रूका हुआ है? राज्यपाल से विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों के हक में विधेयक पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया है।

दिल्ली की टीम राजनांदगांव जिले के भ्रमण में

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बघेरा पहुंची दिल्ली की टीम

राजनांदगांव (दावा)। पालिसी प्लानिंग एवं गुड गवर्नेंस दिल्ली की टीम में अंशुल शर्मा, सुनिधि अग्रवाल, अनुपम कुमार एवं कृष्ण कुमार शामिल रहे, सीइजीआइएस का उद्देश्य राज्य सरकारों को बेहतर विकास परिणाम देने में सहायता करके जीवन में सुधार लाना है टीम के द्वारा माध्यमिक स्कूल बघेरा के गणित, विज्ञान, कला टी.एल.एम. कॉर्नर एवं कक्षा का अवलोकन किया गया तथा शिक्षकों एवं बच्चों से चर्चा की गई। गणित, विज्ञान, संस्कृत जैसे विषयों को सरल एवं प्रायोगिक तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षिका श्रीमती प्रीति शर्मा, मधुलिका विश्वकर्मा, सुनीता ठाकुर, संजीव कुमार जांगड़े की प्रशंसा की और आगे इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विज्ञान मॉडल मोबाइल चार्जिंग शूज के बारे में बच्चों से जानकारी ली एवं मॉडल को दैनिक रूप में उपयोगी बताया साथ ही गणित में बीजगणित की अवधारणाओं के लिए बने समीकरण पासा गेम को रोचक एवं मनोरंजक कहा उन्होंने शिक्षिका कुमारी सुनीता ठाकुर के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा मिट्टी के बनाए मॉडल सुआ नृत्य करती महिलाएं, फाग, पोला, हरेली तीज, जवारा जैसी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दर्शाती मॉडल की तारीफ की और कहा यह बच्चों को शिल्प कला के लिए प्रेरित करता है। टीम के सदस्यों के द्वारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अलेन कुमार वर्मा एवं सभी शिक्षकों एवं बच्चों की समस्याओं पर चर्चा की गई, उन्होंने शिक्षकों से पूछा बच्चों के अध्यापन के समय उन्हें किस तरह की समस्याएं आती हैं और शिक्षक किस प्रकार उनका समाधान करते हैं,साथ ही जो बच्चे कक्षा स्तर से पिछड़े हुए हैं या कमजोर हैं उन्हें वह किस प्रकार उसे कक्षा के अनुरूप स्तर पर लाने का प्रयास करते हैं ।तथा गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन, स्मार्ट क्लास, स्कूलों को प्राप्त होने वाली अनुदान राशि, शाला भवन, छात्रवृत्ति , विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा, बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उनकी चर्चा का मुख्य उद्देश्य राज्य के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाकर बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। दल के साथ राजनांदगांव एवं दुर्ग के जिला स्तर के अधिकारी जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, पी.आर. झाड़े सहायक जिला परियोजना अधिकारीए,ए पी सी मोहम्मद रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, दुर्ग जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडे, दुर्ग एपीसी विवेक शर्मा, संकुल प्राचार्य श्रीमती वायलेट सेमुअल, संकुल शैक्षिक समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी उपस्थित रहे।

आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु तिथि बढ़ी

डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पुनः प्रवेश हेतु तिथि आगे बढ़ाई गई है. जिसमें कक्षा 1ली से 8वीं तक की कक्षाओं में प्रवेश ऑफलाइन तरीके से किया जायेगा. इस संबंध में प्राचार्य बी.एल. देवांगन ने बताया कि रिक्त सीटों को भरने हेतु ऑफलाईन आवेदन दिनांक 13 अगस्त तक शाम 5 बजे तक का हैं. अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा. शाला में प्रवेश की तिथि बढ़ने से जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।

आज से दो दिवसीय पहचान एग्जिबिशन का उद्घाटन करेगी महापौर

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल, सचिव भगवती खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी राजनादगांव की खंडेलवाल महिला मंडल आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भागीदारी के लिए महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दो दिवसीय पहचान एग्जीबिशन का आयोजन कर रही है कल 10 अगस्त समय प्रातः 10:30 स्थान महेश्वरी भवन में दो दिवसीय पहचान एग्जिबिशन का उद्घाटन राजनादगांव की प्रथम नागरिक महिलाओं की प्रेरणा महापौर हेमा सुदेश देशमुख द्वारा किया जाएगा। पहचान एग्जिबिशन कल 10 एवं 11 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 तक स्थान माहेश्वरी भवन में खुला रहेगा जिसमें महिलाओं द्वारा विभिन्न स्टाल स्वनिर्मित सामग्री, बांस से बनी विभिन्न सामग्री, मिट्टी से निर्मित कलाकृति, स्वदेशी उत्पाद पारंपरिक वेशभूषा साड़ी सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, घरेलू निर्मित उत्पाद आचार, पापड़, बड़ी, श्रृंगार सामग्री, बच्चों के खिलौने, स्टेशनरी, बुटीक के उत्पाद, हर्बल उत्पाद, घरेलू साज सज्जा सामग्री, भगवान की पोशाक एवं राखियां, खाने पीने स्वादिष्ट स्टॉल एवं विभिन्न स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए जाएंगे।

पहचान एग्जीबिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है व महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। स्वावलंबी महिला सशक्त महिला एवं अन्य को रोजगार के साधन उपलब्ध करा सके। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रसार प्रभारी प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भागीदारी खण्डेलवाल महिला मंडल की पहल स्वावलंबी महिला सशक्त महिला

विश्व आदिवासी दिवस समारोह 11 को

बालोद (दावा)। आदिवासी समाज जिला बालोद एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ जिला बालोद के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 11 अगस्त को दल्लीराजहरा स्थित ओपन एयर थियेटर विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग एवं विधायक डौण्डीलोहारा श्रीमती अनिला भेंड़िया उपस्थित रहेंगे।

साथ ही कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्री जनक लाल ठाकुर, नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष शिबू नायर, जीत गुहा नियोगी, गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, प्रदेश सचिव विनोद नागवंशी, हल्बी हल्बा समाज महासभा बालोद के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला, पुलिस अधीक्षक बालोद एस.आर.भगत, गोण्डवाना समाज के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चन्द्रेश ठाकुर, गोण्डवाना समाज के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक बीएसपी एम.आर.ठाकुर, डिप्टी मैनेजर सियाराम ध्रुर्वे, संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा, दरबारी राम ठाकुर, एसडीएम गुरूर सुश्री प्राची ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. आर.के.श्रीमाली, जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल टी.एल. सहारे, उप संचालक कृषि जी.एस.ध्रुवे, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष एच.एल. मानकर, उप संचालक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 08 बजे सेवा अर्जी से प्रारंभ होगा। इसके पश्चात आदिवासी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। आदिवासी समाज के द्वारा सभी स्वजातिय जनों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

वन मंत्री, सांसद श्री नाग, विधायक श्रीमती भेंड़िया सहित अन्य अतिथि होंगे शामिल

कबीरपंथी समाज का सम्मेलन 11 को

टेड़ेसरा (दावा)। सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के अंतर्गत 11 अगस्त को साहू भवन बसंतपुर राजनांदगांव में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन समय 12:00 बजे से 3:00 बजे तक रखा गया है।

यह आयोजन पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब एवं पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के सानिध्य में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहेब के प्रचार प्रसार हेतु सभी महंतों एवं देवान गण को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिला के प्रभारी महंत लिलदास साहेब के सौजन्य में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी परिक्षेत्रीय के संत जनों को अधिक से अधिक इस आयोजन में पधारने की अपील किया गया है। लगातार पंथ के प्रचार प्रसार हेतु पंथ हुजूर साहब के द्वारा बढ़-चढ़कर कबीर पंथीयों को एकजुट एवं साहेब के वाणी वचनों एवं उनके मार्ग में चलने के लिए।

लगातार परिक्षेत्रीय संतों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिला के प्रभारी लिल दास साहेब के द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने अपील किया गया है। यह जानकारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, नंदकिशोर साहेब, अंगद दास साहेब एवं परिक्षेत्रीय टेड़ेसरा के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने यह जानकारी दी है।

इरफान शेख के जन्मदिन पर जगह-जगह मना उत्सव

फरहद चौक, मोतीपुर, नंदई और प्यारेलाल चौक में लगी बधाई देने वालों का तांता

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष काफी लंबे समय से दायित्व संभाल रहे मोहम्मद इरफान शेख का जन्मदिन उत्सव आज शहर के कई चौक चौराहों पर गंगा जमुनी तहजीब के चलते मनाया गया।

युवा नेता इरफान का जन्मदिन उत्सव फरहाद चौक में दोपहर 2 बजे, मोतीपुर में 3 बजे, मोर्चा कार्यालय नंदई में रात 7 बजे और प्यारेलाल चौक में रात 8 बजे से आयोजित था। इरफान शेख के कुशल नेतृत्व और उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उनकी शुभचिंतकों की संख्या शहर जिला में हजारों की संख्या में है। संस्कारधानी की गंगा जमुनी तहजीब आज सड़कों पर बखूबी देखने को मिली है। शहर की प्रमुख चौराहों में उनके जन्मदिन के बधाई संदेशों वाले होर्डिंग और पोस्टरों से पट गया। बड़ी संख्या में टेलीफोनिक और प्रत्यक्ष मुलाकात में बधाई देने वालों में कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद इरफान शेख लोकसभा और विधानसभा के जैसे आम चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जीतने के लिए अपने लाव लश्कर के साथ एड़ी चोटी का जोर लगाया है। जिसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिलती रही है। इतना ही नहीं मोहम्मद इरफान शेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार और डॉ. रमन सिंह तथा विष्णुदेव साय नीत छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार द्वारा बनाई गई जनहितैषी योजनाओं का जनता के बीच प्रचार प्रसार करने तथा उन्हें लाभ दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यही कारण है कि उन पर पार्टी का भरोसा बढ़ा है।

मोहम्मद इरफान शेख को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से ज़हीर अब्बास जिला महामंत्री, सिद्दीक बड़गुजर महामंत्री, रफीक खान प्रदेश मंत्री, हैरी जोसेफ उपाध्यक्ष, अफजल खान उपाध्यक्ष, इमरान बिबा उपाध्यक्ष, असलम खान उपाध्यक्ष, अख्तर अली उपाध्यक्ष, नदीम बडगूजर शहर अध्यक्ष, मुस्ताक खान शहर उपाध्यक्ष, पप्पी भाटिया, प्रिंस भाटिया, सतीश रेवतकर, इस्माइल खान जिला मंत्री, नदीम बड़गुजर मंडल अध्यक्ष, सलीम खान मंडल अध्यक्ष, नासिर खान, अफसर खान, भुरू बड़गुजर, मुस्ताक खान, अरशद अली, तबरेज़ खान, आजु सोलंकी, बबलू साहू, राहुल भोईर, आर पी साहू सहित जिला भाजपा और जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल है।

संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

हरदी (दावा)। छतीसगढ़ राज्य शिक्षा विभाग के आदेशानुसार संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक हाईस्कूल टटेंगा के सभाकक्ष में बैठक आहूत किया गया। जिसमें संकुल के आश्रित प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर सेकेंडरी स्कूल टटेंगा, जेवरतला, कसही, भरदा, हरदी के पालक शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति हुई।

सभी अतिथि पालक शिक्षक पदाधिकारीयों का पुष्पगुच्छ-गुलाल से स्वागत सम्मान किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरके देवांगन प्राचार्य, मुख्य अतिथि एसआर खांडेकर प्राचार्य महाविद्यालय जेवरतला, विशिष्ट अतिथि रमेश सोनवानी उपाध्यक्ष भाजपा मंडल, टूमन साहू अध्यक्ष युवा भाजपा खेरथा, उत्तमचंद साहू सरपंच टटेंगा, शशिकला सरपंच हरदी, राधिका देवांगन सरपंच भरदा, बीएल देवांगन प्राचार्य सेवानिवृत प्रधानपाठक ओमप्रकाश चुरेन्द्र, लिखन सरपा, लुतन साहू, हिमाचल साहू, आहेल्या भुआर्य, सीएससी लीलेन्द्र देवांगन, एस वासनिक, फतनलाल देवांगन, नसीमा बेगम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश हिरवानी, चन्द्रशेखर उर्वशा, बिमला साहू, शशिदास साहू, विनेश्वरी देवांगन, जया साहू, प्रियंका साहू, सदस्य पुरषोत्तम उर्वशा, पुरषोत्तम वासनिक, बुधरू यादव, रिखी साहू, पेमिन साहू, प्रभा सुधाकर, कामनी, त्रिवेणी, सविता पटेल, रोशन गाँवरे, डिगे यादव, पालक गण अश्वनी सुधाकर, भूपेंद्र साहू, संतोष देवांगन, डोमन ठाकुर बैठक संचालन श्री पाठक ने किया।

अतिथि शिक्षक उद्देश्यों को मार्गदर्शन मे कहा पालक शिक्षक समन्वय पालकों में सजकता, वातावरण पोषण, आधार, नशापान, बच्चों को समय इन सभी बिन्दुओं के मार्गदर्शन कर पालको को ध्यान कराया गया, शाला प्रांगण में माँ के नाम वृक्षारोपण किया।

कलमना-कामठी तीसरी रेल लाइन की कमीशनिंग

डोंगरगढ़ (दावा)। नागपुर-झारसुगुड़ा रेल खंड मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग का हिस्सा है जो दो महत्वपूर्ण मेट्रो शहरों को जोड़ता है। वर्षो से भारत के आर्थिक विकास के साथ रेल यातायात में वृद्धि हुई है और भविष्य में और भी यह बढ़ेगा। इसने मौजूदा रेलवे ढांचे पर अत्यधिक दबाव डाला है, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता भी प्रभावित हुई है और क्षमता वृद्धि की आवश्यकता उत्पन्न हुई है। क्षमता वृद्धि के लिए रेल लाइनों की संख्या बढ़ाने के कार्यो को मंजूरी दी गई है और इसके निर्माण के लिए सरकार द्वारा लागत राशि उपलब्ध कराया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन तथा राजनांदगांव-कलमना (नागपुर) 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जा रहा है।

राजनांदगांव-कलमना तीसरी लाइन कार्य

राजनांदगांव एवं कलमना के मध्य 228 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3544 करोड़ रुपये है। अब तक इस तीसरी रेल लाइन का 80 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है और आगे दरेकसा-सालेकसा-धनौली, गुदमा-गोंदिया-गंगाझरी एवं कामठी-कलमना के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है।मौजूदा स्टेशन में एक नई लाइन जोड़ने में स्टेशन के ले-आउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है । संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों का संचालन कुछ गति प्रतिबंध के साथ सीमित मार्गों पर किया जाता है। उदाहरण के लिए, सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में बदलाव कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है। इससे ट्रेनों का सामान्य परिचालन प्रभावित होता है।

वर्तमान में कलमना स्टेशन पर यार्ड में परिवर्तन किया जा रहा है। यह नागपुर, इतवारी, गोधनी, कामठी स्टेशनों और दो महत्वपूर्ण पावर प्लांट्स को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। लगभग 400 कर्मचारियों/ मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर दिन-रात काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे ज्ञ- 28 मशीन, जेसीबी, अर्थ एक्स्कवेटर, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी तैनात किए गए हैं। यह टीम न केवल 8 पॉइंट्स, 5 ओएचई पोर्टल्स और 30 ओएचई खंभो को हटाएगी, बल्कि नये 16 पॉइंट्स की स्थापना और 1500 मीटर लूप लाइन की स्लीविंग भी करेगी, साथ ही नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य भी किया जाएगा।

इस कमीशनिंग कार्य से कलमना-राजनांदगांव रेल खंड की क्षमता बढ़ेगी और मौजूदा ट्रैफिक दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी। मौजूदा और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह क्षमता वृद्धि कार्य अति आवश्यक है। रेल प्रशासन यार्ड परिवर्तन कार्य के दौरान लाइन की सीमित क्षमता को ध्यान में रखते हुए सीमित संख्या में ट्रेनों को रद्द करने योजना बनाता है और इस दौरान कम से कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो, इसका ध्यान रखा जाता है। आधारभूत संरचना को विकसित करते हुए भारतीय रेलवे हमेशा बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है।

राजस्व अभिलेखों के त्रुटि सुधार के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। भुईयां अंतर्गत राजस्व अभिलेखों के त्रुटि के संबंध में ऑनलाईन सुधार हेतु आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राजस्व अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के भू-राजस्व अभिलेखों में मौजूद त्रुटियों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

ये त्रुटियां बिना किसी कठिनाई के सुधार कर ली जाएं, इसके लिए जिले के राजस्व अधिकारियों को सजगता के साथ इस प्रशिक्षण के सभी बिंदुओं को अच्छी तरह से जानने और समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों में अत्यंत सामान्य त्रुटियां होती हैं, जिसके लिए किसानों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो और आसानी से इन त्रुटियों को दूर कर लिया जाए, इसके लिए प्रदेश स्तर से साफ्टवेयर तैयार किया गया है, जो ग्रामवार प्रदर्शित है, उसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पटवारी साफ्टवेयर के माध्यम से अभिलेखों में सामान्य त्रुटियों को सुधार कर तहसीलदार को प्रेषित करेंगे। त्रुटि सुधार से संतुष्ट होने पर तहसीलदार अपने स्तर पर अभिलेख सुधार को मान्य करेंगे। यदि तहसीलदार अभिलेख सुधार पर संतुष्ट नहीं है, तो वे आवश्यकता अनुरूप अन्य आवश्यक दस्तावेज पटवारी से मंगा सकते हैं या अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित कर सकते हैं।

आयोजित प्रशिक्षण में भू-राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए प्रदेश स्तर से तैयार साफ्टवेयर के माध्यम से राज्य स्तर से उपस्थित प्रोग्रामर सुश्री मीनाक्षी ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पटवारी स्तर, तहसीलदार स्तर एवं एसडीएम स्तर से किए जाने वाले भू-राजस्व के अभिलेखों के सुधार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पटवारी स्तर से किए जाने वाले अभिलेख सुधारों के संबंध में उन्होंने बताया कि इसके लिए भू-अभिलेख की धारा 115 में पावर डेलीगेट किया गया है। इसके तहत पटवारी प्राप्त आवेदनों के तहत आवेदक के पिता, पति के नाम फसल, सिंचित-असिंचित भूमि, खसरा सुधार, आवेदन की प्रक्रिया और स्वीकृति, सुधार की प्रक्रिया, उसे अपलोड करने की प्रक्रिया, रकबा संशोधन, फसल परिवर्तन सहित पटवारी द्वारा दर्ज आवेदनों में अद्यतन की स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर से होने वाले सुधारों के संबंध में विस्तार से बताया। बताते चलें कि इस प्रशिक्षण के पूर्व राज्य स्तर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी राजस्व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया था। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक बांधाबाजार में संपन्न

समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़
10 दिवसीय कढ़ाई

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 6 अगस्त को संकुल केन्द्र-बांधाबाजार-01 में संकुल के अन्तर्गत 7 शालाओं से आये शिंकों, पालकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं दुर्ग संभाग से संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, आदित्यनाथ भुआर्य एसडीएम मोहला की उपस्थिति में मेगा पालक शिक्षक बैठक सम्पन्न हुआ।

बैठक की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात सभी अतिथियों एवं उपस्थित सभी पालकों, जनप्रतिनिधियो, शिक्षाविदो का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं तिलक लगाकर किया गया।

तत्पश्चात संकुल समन्वयक बांधाबाजार 01 उद्दल सलामे के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मेगा पालक शिक्षक बैठक में उपस्थित संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर द्वारा उपस्थित सभा को शिक्षा के महत्व को बताते हुये शासन की योजनाओं, शिक्षा सप्ताह, एफएलएन की जानकारी दिये एवं प्रारंभिक प्राथमिक शिक्षा को महत्वपूर्ण आधार बताया।

एसडीएम मोहला के द्वारा बच्चों के रुचि अनुरुप शिक्षा, उपस्थिति नियमित रूप से हो, लक्ष्य बनाकर कार्य योजना बनाकर अध्ययन अध्यापन हेतु सुझाव दिये। पालकों को शिक्षकों से बच्चों की प्रगति जानने शाला मे होने वाले बैठकों मे आकर चर्चा करने की बात कही। प्रतियोगी परीक्षा पर भी अपने विचार व्यक्त किये। पश्चात संकुल स्तर पर पालकों की उन्मुखीकरण हेतु शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये 12 मुद्दे को भजन साहू प्रधान पाठक, प्रदीप कुमार साहू, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती माधवी गन्वीर एवं उद्दल सलामे द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। उपस्थित पालकों के द्वारा भी अपने विचार एवं सुझाव रखा गया। संकुल प्राचार्य श्रीमती सुनीता कावरे ने भी उपस्थित पालक शिक्षक बैठक में उदबोधन देते हुए रास्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश,पालकों की बैठकों में उपस्थिति एवं अन्य विभागीय मुद्दे पर जानकारी प्रेषित किये एवं आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य बाँधाबाजार 01 के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती माधवी गणवीर, प्रदीप कुमार साहू के द्वारा किया गया। उक्त पालक शिक्षक बैठक में प्रमुख रूप से संकुल अंतर्गत शालाओं से आये शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भजन साहू प्रधान पाठक के द्वारा दी गई।

तिरंगा हमारी आन-बान और शान...

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत पीटीएस मैदान से तिरंगा बाईक रैली को किया रवाना

० तिरंगा का यह गौरव और सम्मान हर घर तक पहुंचे इस संदेश के साथ बाईक रैली का काफिला विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरा

० देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा बाईक रैली निकली

देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्यागएवं बलिदान के प्रति सम्मान में सभी निभाएं अपनी सहभागिता

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत पीटीएस मैदान राजनांदगांव से तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारी हेलमेट लगाकर तिरंगा बाईक रैली में शामिल हुए। देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा बाईक रैली शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। तिरंगा का यह गौरव और सम्मान हर घर तक पहुंचे, इस संदेश के साथ बाईक रैली का यह काफिला तिरंगा रैली पीटीएस मैदान राजनांदगांव से शुरू होकर गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गंज चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, कमला कॉलेज, आरके नगर होते हुए पीटीएस मैदान में समाप्त हुआ। भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय जवान-जय किसान, तिरंगा यात्रा जिंदाबाद के जयकारे की अनुगूंज दूर तक सुनाई दी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र का प्रतीक है। भारतीय नागरिकों को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि आज इस तिरंगा बाईक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीयता की भावना का संदेश लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 15 अगस्त तक बाईक रैली, पदयात्रा, कॉन्सर्ट्स, स्कूल एवं कालेज में तिरंगा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कोशिश रहेगी कि नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूक होंगे और हर घर में तिरंगा लहराए। देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उनके त्याग एवं बलिदान के प्रति सम्मान की यह भावना है। सभी राष्ट्रीय ध्वज के प्रति शपथ लेंगे, साथ ही भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के अनुरूप योगदान देंगे। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, पुलिस अधीक्षक पीटीएस गजेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

शा. देशी शराब भट्ठी का मैनेजर गिरफ्तार

कोचियों को अवैध रूप से बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराता था शराब

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने शासकीय शराब भट्ठी से कोचियों को अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराने वाले मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि शासकीय शराब भट्ठी का आरोपी मैनेजर शराब कोचिया गोलू ढीमर के लिए बड़ी मात्रा में देशी शराब उपलब्ध कराता था। आरोपी गोलू ढीमर घटना दिनांक से फरार है। आरोपी मैनेजर का नाम परमानंद साहू ऊर्फ पिंटु पिता राजेश साहू उम्र 32 साल निवासी पेण्ड्री वार्ड नं. 2 बताया जाता है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के कुशल मार्गदर्शन पर शहर में हो रहे अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले व्यक्तियों तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम एवं सायबर टीम एंव बसंतपुर पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना पर आदतन अपराधी नंदलाल ढीमर पिता लक्ष्मीनाथ ढीमर उम्र 20 साल निवासी दुर्गा चौक शिव मंदिर के पास बांसपाई पारा थाना बसंतपुर को अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से बिक्री हेतु परिवहन करते घेराबंदी कर उसे गौरव पथ अस्पताल कालोनी, पानी टंकी के पास मेन रोड में पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 249 पौव्वा देशी मदिरा शराब जुमला 44.820 बल्क लीटर देशी शराब कीमती 22,410 रूपये एवं एक नीले रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी-08/एएन 0746 कीमती 40 हजार रूपये तथा आरोपी द्वारा उपयोग किये गये मोबाईल वन प्लस कीमती 15 हजार कुल कीमती 77,410 रूपये को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जप्त किया गया है।

अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु शराब मंगाने वाले कोचिया एवं शासकीय देशी शराब दुकान से अवैध तरीके से शराब दिलाने वाले मैनेजर परमानंद साहू ऊर्फ पिंटु घटना दिनांक से फरार था जिसे मुखबीर की सूचना के आधार पर पकड़कर पूछताछ किया गया जो अपराध मे संलिप्त होना कबुलने एवं गोलू ढीमर को बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराने स्वीकार किया। मामले में देशी शराब भट्ठी के मैनेजर परमानंद साहू ऊर्फ पिंटु को विधिवत मय सबूत के गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सुरगी सड़क निर्माण की असलियत ग्रामीणों ने बयां की, सत्ता के मद में पूर्व सांसद इन्हें झूठला रहे - जितेंद्र मुदलियार

जनहित के मुद्दे को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय न बनाए

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार ने सुरगी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और ग्रामीणों के आवागमन की सुविधाओं की अनदेखी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जनता से जुड़े इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति को बीच में लाकर उन्हें संरक्षण देते दिख रहे हैं जो इस निर्माण कार्य में लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के दोषी हैं। वे संबंधित ठेकेदार को प्रश्रय दे रहे हैं जबकि इस वक्त क्षेत्र की जनता के लिए उन्हें अपनी सरकार से ऐसे मामलों में कड़े एक्शन की मांग करनी चाहिए।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, भाजपा नेता जिस सुरगी-कुम्हालोरी सड़क मार्ग का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाने का दावा कर रहे हैं वह ही सबसे बड़ा झूठ है। इस सड़क में लोगों का चल पाना दूभर है। बड़े-बड़े गड्ढों से दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। कई-कई स्थानों पर निर्माण का काम छोड़ दिया गया है। वहां आज भी पुरानी जर्जर सड़क लोगों के लिए मुश्किलों का सबब बनी हुई है। मुदलियार ने कहा कि, प्रमाण है कि ग्रामीण इस सड़क के निर्माण को लेकर जो अपेक्षा पाले हुए थे उससे छल हुआ है। ग्राम पंचायत कोटराभांठा के सरपंच पीताम्बर दास साहू, उपसरपंच गोपीलाल कंवर, ग्राम पंचायत धामनसरा के सरपंच लोकेश गंगवीर, उप सरपंच कृतलाल पटेल, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द की सरपंच दिव्या हिरवानी, ग्राम पंचायत कुम्हालोरी (बेलटिकरी) के ग्रामीण, ग्राम पंचायत ढोड़िया के सरपंच व ग्रामीण इस सड़क का कार्य अपूर्ण छोड़े जाने, निर्माण में गुणवत्ता को अनदेखा किए जाने जैसे विषयों पर तीन दिनों के भीतर सुधार न किए जाने पर चक्काजाम का अल्टीमेटम दे चुके हैं।

उन्होंने कहा कि, सरकार के दावों के बीच सुरगी-कुम्हालोरी सड़क भ्रष्टाचार का पुलिंदा बनती जा रही है। दुःखद है कि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सत्ता के प्रभाव में जनता और जनहित के मुद्दों से मुंह मोड़कर ठेकेदारों को प्रश्रय दे रहे हैं। उन्हें शायद ये पता ही नहीं है इस सड़क से प्रभावित होने वाले कई ग्रामों के सरपंचों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस निर्माण कार्य का लेकर शिकायत की है। उन्होंने ही प्रशासन को प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया है। क्या अपने बयान से पूर्व सांसद सरपंचों, ग्रामीणों की सच्चाई झूठला देंगे।

मुदलियार ने कहा कि, भाजपा सरकार की जिम्मेवारी है कि वह ग्रामीणों से न्याय करे। अगर, ऐसा न हो तो स्वाभाविक है कि ग्रामीणों के साथ खड़े होकर विपक्ष अपनी भूमिका का निर्वाह बखूबी करेगा। 16 करोड़ की लागत से हो रहे सुरगी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण में प्रशासनिक अंधेरगर्दी और ठेकेदार की भर्राशाही को लेकर सत्तापक्ष की ओर से राजनीतिक संरक्षण देकर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव गलत परिपाटी की शुरुआत कर रहे हैं।

प्रतिष्ठित एवं पुरातन अखाड़े के रूप में गिना जाता है आजाद हिन्द अखाड़ा मोतीपुर - मधु

राजनांदगांव (दावा)। आज नाग पंचमी पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने स्थानीय बांसपाई पारा में पहुंचकर यहां विगत 70 वर्षो से संचालित बाली अखाड़ा एवं व्यायाम शाला में परंपरागत तरीके से अस्त्र शस्त्रों का पूजन किया, एवं लोगों को नाग पंचमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

संस्कारधानी के प्राचीन एवं जाने-माने आजाद हिन्द अखाड़ा मोतीपुर में नागपंचमी पर देवाधिदेव महादेव का रूद्राभिषेक एवं प्रभु बजरंगबली के विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा सहित हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव बतौर संरक्षक एवं विशेष आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अखाड़े में भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना हवन में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिसके बाद भगवान भोलेनाथ का गंगाजल, पंचामृत एवं दूध से रूद्राभिषेक किया। पूजा के दौरान उपस्थित पुजारी द्वय पंडित गौरव तिवारी एवं महाराज आयुष दुबे ने पूर्व सांसद का तिलक लगाकर स्वागत किया और पूजन कार्य संपन्न करवाकर आशीर्वाद स्वरूप उन्हें प्रसादी वितरण किया। इस दौरान अखाड़ें के सरंक्षक सदस्य एवं खिलाड़ीगण अजीत साहू, टिकेश्वर सिंह राजपूत, पंडित गौरव तिवारी, महाराज आयुष दुबे, दीपक साहू, विक्की साहू, लक्ष्मण खिलवाल, रिभय यादव, प्रियांशु यदु, पिन्टू, शुभम, बाबू, युग, विकास, रिंकू, राजा एवं साथीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पूर्व सांसद ने विशेष रूचि लेकर अखाड़े के चारों ओर के क्षेत्र का जायजा लिया और अखाड़े के छत पर जाकर नवीन फ्लोरिंग निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता मधुसूदन द्वारा आजाद हिन्द अखाड़ा में सदस्यों की मांग पर कुछ दिनों पूर्व नया दरवाजा लगवाने एवं मरम्मत कार्यो के लिये सहायता राशि उपलब्ध करवायी गयी थी, जिससे वर्तमान समय में यहॉ पर मरम्मत एवं निर्माण कार्यो को प्रारंभ किया गया है। अखाड़ा के सदस्यों ने पूर्व सांसद को अखाड़ें में कुश्ती के अभ्यास हेतु मैट एवं वर्कआउट हेतु आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता से अवगत कराया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने उपस्थित सभाजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अखाड़े की गोदी, कुश्ती एवं पहलवानी के खेल में अपनी विशिष्ठ पहचान रही है, और यहॉ के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठा एवं सम्मान से देखा जाता है। इसलिये यहॉ के खिलाड़ियों को कुश्ती एवं पहलवानी के खेल में प्रोत्साहित करने के लिये हरसंभव सहयोग देने के लिये वे संकल्पित हैं।

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का भव्य आयोजन होगा पीटीएस ग्राऊण्ड में

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को मुख्य समारोह का भव्य आयोजन पीटीएस ग्राऊण्ड में किया जाएगा। स्टेट हाई स्कूल में अधिक वर्षा के कारण कीचड़ होने से स्थान परिवर्तन किया गया है। मुख्य समारोह के आयोजित के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

डॉ. द्विवेदी को सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार

राजनांदगांव (दावा)। समता साहित्य एकेडमी भारत, यवतमाल (महाराष्ट्र) जिसका संदेश वाक्य है 'विद्वान सर्वत्र पूज्यते'। इस राष्ट्र स्तरीय पंजीकृत संस्था द्वारा नगर के विचारप्रज्ञ, चिंतक एवं शिक्षाविद डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार (एवार्ड) प्रदान किया गया है।

उक्त पुरस्कार की घोषणा विगत 10 जून 2024 को अहमदाबाद (गुजरात) राष्ट्रीय समता साहित्य एकेडमी भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2024 में अतीव महत्वपूर्ण व्यक्तियों के गौरव उपस्थिति में की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. द्विवेदी को उक्त राष्ट्रीय एवार्ड उनके राष्ट्रबोध विमर्श, व्याख्यान, समसामयिक विचार चिंतन टीप एवं गौरवशाली भारतीय सांस्कृतिक परंपरा आधारित आख्यानों के लिए प्रदान किया गया है।

स्वास्थ्यगत कारणों से सम्मेलन में उपस्थित न होने के कारण अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. टांडेकर द्वारा डॉ. द्विवेदी को सम्मेलन में प्रदत्त एवार्ड को विशेष कोरियर से प्रेषित किया गया। जिसे डॉ. द्विवेदी के कार्यरत संस्था शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा एवं डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता वरिष्ठ प्राध्यापक के करकमलों से प्रदत्त किया। उक्त महत्तम राष्ट्रीय एवार्ड के लिए डॉ. द्विवेदी को सहकर्मी प्राध्यापकों, अभिन्न मित्रों और परिजनों द्वारा विशेष बधाईयाँ दी जा रही है।

आज से जिले में राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं शुरू

राजनांदगांव (दावा)। आज 10 अगस्त शनिवार से जिले में राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाए शुरू होने जा रही है। इसके लिए जिले में तीन केन्द्र बनाए गए है। मिली जानकारी के अनुसार ओपन स्कूल परीक्षा के लिए राजनांदगांव विकासखंड में बनाए गए परीक्षा केन्द्र में हाई स्कूल के कुल 166 तथा हायर सेकेन्डरी के 165 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा के लिए कुल 331 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि आज 10 अगस्त शुक्रवार से शुरू होने वाली राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

जिले में परीक्षाओं के लिए बनाए गए तीन केन्द्र

10 से 28 अगस्त तक होगी परीक्षा

बताया जा रहा है कि हाई स्कूल की परीक्षा 10 से 20 अगस्त तक तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा 10 से 28 अगस्त तक सम्पन्न होगी। परीक्षा संचालन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इसमें विकासखंड डोंगरगढ़ परीक्षा केन्द्र में हाई स्कूल के कुल 179 विद्यार्थी तथा हायर सेकंडरी के 216 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसी तरह डोंगरगांव में बनाए गए परीक्षा केन्द्र में हाई स्कूल के 84 तथा हायर सेकेण्डरी के कुल 119 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिले के तीन केन्द्रों में 929 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। यह परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे के मध्य सम्पन्न कराई जाएगी।

> ''बारिश को देखते हुए बच्चों की परीक्षा सुरक्षित स्कूल कमरों में कराई जा रही है। वहीं ओपन स्कूल परीक्षा के लिए सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी विकासखंडों में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।''
>
> **- अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव**

महिला से सवा चार लाख की ठगी

राजनांदगांव (दावा)। अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के बघरेनभेड़ी निवासी एक महिला से 4 लाख 26 हजार रूपए की ठगी कर दी गई। महिला को आरोपी द्वारा बैंक कर्मी बनकर फोन किया गया और उन्हें खाता बंद होने का झांसा देकर उक्त रकम की ठगी कर ली गई। बताया जाता है कि आरोपी ने पीड़िता को खाता बंद होने और आनलाइन केवाइसी के लिए शुल्क लगने की बात कही और उसके पास क्यूआर कोड भेजा गया जिसमें पहले एक हजार रूपए डालने के लिए कहा गया। इसके बाद अलग-अलग प्रक्रिया व शुल्क के लिए 4 लाख 26 हजार रूपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। पीड़िता को शंका होने पर जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंची तो वह पीड़िता को इस तरह के किसी भी फोन कॉल नहीं किए जाने की जानकारी मिली। अज्ञात आरोपी से सवा चार लाख रूपए की चपत पा चुकी महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोबाइल नम्बर के आधार पर अपराध दर्ज कर लिया है और जांच-पड़ताल जारी कर दी है।

कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती ठाकुर को सोमनी से हटाने डॉ. रमन को सौंपा ज्ञापन

सोमनी (दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रीता ठाकुर को सोमनी क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित करने डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा पूर्व मुख्यमंत्री से स्पीकर निवास में भेंट कर ज्ञापन दिया गया। डॉ. रमन सिंह ग्रा.कृ.वि.अ. को स्थानांतरित करने कृषि मंत्री को निर्देशित किये।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रीता ठाकुर को सोमनी से हटाने ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती लता यादव, भाजपा ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी, उपसरपंच पंकज तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक व पूर्व सांसद प्रतिनिधि रमन सिंह राजपूत, संतोष यादव (पूर्व सरपंच), भाजपा नेता नेपाल साहू, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र क्षत्री, योगेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष जनकल्याण सामाजिक संस्थान सोमनी), ललित जंघेल, उमेश कुमार साहू, हेमलाल साहू, गिरवर साहू, पार्वती साहू, नरोत्तम बंजारे, ईश्वरलाल बंजारे, बुधराम पटेल, लवकुश देशमुख, लालदास साहू के नाम शामिल है।

सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के लापरवाही, उदासीनता, निष्क्रियता के कारण शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है। ग्रा.कृ.वि.अधिकारी ग्राम में निर्मित कृषक सलाहकार सूचना केन्द्र भवन में नही बैठते। ग्राम पंचायत द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर राजनांदगांव से पूर्व में की गई थी। उपसंचालक कृषि अधिकारी द्वारा 05 जुलाई 2024 को आदेश जारी कर कहा कि शासकीय पदीय दायित्व के विपरीत एवं छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियम के तहत शस्ति अधिरोपित कर सेवा पुस्तिका में इंन्द्राज करने का आदेश दिया था तथा संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग संभाग दुर्ग के आर.के.राठौर से भी शिकायत किया गया था, उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कृषि ग्राम सोमनी के कृषक सलाहकार भवन में ग्रा.कृ.वि. अधिकारी श्रीमती रीता ठाकुर को कृषकों के हित में तिथि निर्धारित कर बैठने का आदेश जारी करें एवं आप स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि कृषकों को भटकना न पड़े। लेकिन उनके निर्देशों का अब तक पालन नहीं किया गया।

श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में सावन उत्सव मनाया

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में आज सावन उत्सव मनाया गया, इस अवसर पर पर मिथिला महिला मंडल के सदस्य हरे रंग की साडियों में उपस्थित हुई और शंकर भगवान के अनेक भजनों के साथ उल्लास पूर्वक वातावरण में सावन उत्सव मनाया गया श्री मिथिला धाम मंदिर में पूरे सावन महीने शिवनाथ नदी से कांवर में जल लाकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया जाता है एवं मनोज चौधरी एवं श्रीमती अंबिका चौधरी के द्वारा प्रतिदिन भगवान का दुग्धाभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर आज मिथिलाधाम मंदिर में भजन का कार्यक्रम रखकर सावन उत्सव मनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष बैज का किया स्वागत.....

MALHAR GLOBAL
LOGISTICS PVT LTD
2518

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का राजनांदगांव आगमन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने साथियों समेत स्वागत किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com